दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण:टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा
• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///
वर्ष : 12 | अंक : 04 टोंक | सोमवार,05 अगस्त, 2024 | श्रावण, शुक्ल पक्ष प्रतिपदा संवत्-2081 भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹1.00 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# अब 10 महीने में राजस्थान में ही तैयार होंगे पायलट



## प्रदेश की पहली फ्लाइंग एकेडमी किशनगढ़ में शुरू

बढ़ता राजस्थान

**किशनगढ़ (अजमेर)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अजमेर के किशनगढ़ में राजस्थान की पहली फ्लाइंग एकेडमी की शुरुआत की है। अब पायलट बनने का सपना देखने वाले स्टूडेंट्स को राजस्थान में ही ट्रेनिंग मिल सकेगी। इसके लिए उनको दिल्ली, मुंबई या विदेश नहीं जाना पड़ेगा। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और अवन्या एविएशन एकेडमी की ओर से इस सेंटर का संचालन किया जाएगा। इसके लिए अमेरिका से 5 और जर्मनी से 1 विमान खरीदा गया है।

एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की उड़ान प्रशिक्षण संगठन नीति (एफटीओ) के तहत एकेडमी खोलने के लिए देश में 10 एयरपोर्ट का चयन किया गया था। किशनगढ़ को भी इसमें चुना गया। रविवार को उद्घाटन के दौरान पहले विमान ने उड़ान भरी तो उसे वाटर कैनन सैल्यूट भी दिया गया।

### सीएम बोले- राजस्थान भरेगा ऊंची उड़ान

किशनगढ़ एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- एक ऐसी यात्रा शुरू हुई है, जिससे राजस्थान भी ऊंची उड़ान भरेगा। ये तो शुरुआत है। इस तरह के राजस्थान में अभी और कई काम होंगे। ये एक ऐसा क्षेत्र है, जहां टीम वर्क और धैर्य के साथ काम करना होता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। हम विकसित भारत और विकसित राजस्थान की कल्पना के साथ आगे बढ़ रहे हैं। केंद्र सरकार ने 21 ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट की घोषणा की है। किशनगढ़ एयरपोर्ट को आगे बढ़ाने के लिए जमीन ही नहीं और किसी चीज की आवश्यकता होगी, वह उपलब्ध कराई जाएगी।

### भीलवाड़ा-झालावाड़ एयरपोर्ट को भी आगे बढ़ाएंगे

सीएम ने कहा- भारत तीसरा सबसे तेजी से बढ़ता हुआ एविएशन बाजार है। भारतीय हवाई अड्डों पर यात्रियों की संख्या हर साल 15 फीसदी बढ़ रही है। ये सालाना 37 करोड़ 6 लाख पहुंच गई है। हवाई अड्डों पर एयरकार्गो भी बढ़ा है। इस क्षेत्र की तरक्की से प्रदेश में पर्यटन, उद्योग और व्यापार भी बढ़ेगा। राजस्थान पर्यटन की दृष्टि से बहुत आगे है। इसी तरह हम हमीरगढ़ (भीलवाड़ा) और झालावाड़ एयरपोर्ट को आगे बढ़ाना चाहते हैं। व्यापारी, उद्योगपति राजस्थान आएंगे तो उनको हर सुविधा उपलब्ध करवाएंगे। हमारी शर्तों पर उनको उद्योग के लिए सुविधा देंगे। अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को हम आगे लेकर आएंगे। कई योजनाएं इसके लिए शुरू की गई है। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि ये एकेडमी राजस्थान में एविएशन के सेक्टर में नए अवसर पैदा करेगी। साथ ही युवा शक्ति को आगे बढ़ाएगी। भारत में 2014 में 74 एयरपोर्ट थे, जो अब 150 से ज्यादा हो गए हैं।




### शुरू हुआ पहला बैच

एयरपोर्ट के निदेशक बीएल मीणा ने बताया- किशनगढ़ में एफटीओ संचालित करने के लिए दिल्ली की अवन्या कंस्ट्रक्शन कंपनी को 25 साल की लीज पर जगह आवंटित की गई है। कंपनी ने एकेडमी के लिए एयरपोर्ट के पास ही फरासिया में स्कूल शुरू कर राजस्थान समेत विभिन्न राज्यों से एडमिशन लेने वाले स्टूडेंट्स को बेसिक जानकारी मुहैया कराना शुरू कर दिया है। कंपनी ने स्टूडेंट्स को प्रैक्टिकल कराने के लिए यूएस से 6 पाइपर आर्चर पीए-28-181 छोटे विमान और जर्मनी से डबल इंजन वाला डीए डायमंड 43 एनजी खरीदा है। छोटे 6 विमान किशनगढ़ पहुंच गए हैं, जबकि डबल इंजन विमान कुछ दिनों में आ जाएगा। किशनगढ़ एयरपोर्ट पर राजस्थान की पहली फ्लाइंग एकेडमी शुरू हुई है। जहां विमान उड़ाने की 10 महीने की ट्रेनिंग दी जाएगी।

## घर में एसी तो लगाने होंगे 50 पौधे:सरकार ने वाहन मालिकों को भी दिया टारगेट;

### सुरक्षा में लगेंगे 50 हजार लोग



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान सरकार 7 अगस्त को हरियाली तीज पर प्रदेशभर में पौधरोपण अभियान की शुरुआत करेगी। प्रदेशभर में एक करोड़ से ज्यादा पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें आम लोगों को भी पौधे लगाने का टारगेट दिया गया है। बाइक चलाने वाले को 5 पौधे लगाने होंगे। कार मालिक को 10 पौधे, ट्रक-बस मालिक को 20 पौधे लगाने होंगे। घर मेंएसी होने पर 50 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बताया- हम लोगों को डंडे के बल से पौधरोपण करने के लिए नहीं कह सकते हैं। हम उनसे आग्रह कर रहे हैं कि वह पौधरोपण करें। जयपुर के इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान में अभियान के बारे में दिलावर ने कहा- इन गर्मियों के सीजन में राजस्थान के कुछ शहर दुनिया में सबसे ज्यादा गर्म थे। बढ़ती गर्मी को रोकने और आम जनता की जान बचाने के लिए हरियाली तीज के मौके पर सघन पौधरोपण अभियान की शुरुआत की जा रही है। इसमें शासन और प्रशासन जनता के साथ मिलकर राजस्थान को हरा-भरा और खुशहाल बनाने के लिए काम करेगा।

## खराब की जगह सही किडनी निकाली, महिला की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** खराब की जगह सही किडनी निकालने से महिला की मौत हो गई। 76 दिन तक महिला का जयपुर के एसएमएस अस्पताल में इलाज चला। रविवार शाम 4 बजे महिला ने दम तोड़ दिया। झुंझुनूं के धनखड़ हॉस्पिटल में डॉ. संजय धनकड़ ने महिला का ऑपरेशन किया था।
झुंझुनूं के नुआं गांव (तहसील मंडावा) की रहने वाली ईद बानो (54) की धनखड़ हॉस्पिटल में 15 मई को डॉक्टर ने ऑपरेशन के दौरान संक्रमित की जगह सही किडनी निकाल दी थी। इसके बाद से मरीज की हालत गंभीर बनी हुई थी।पेट दर्द की शिकायत पर दिखाने गई थी
मरीज ईद बानो को पेट में तेज दर्द की शिकायत रहती थी। परिजन धनखड़ हॉस्पिटल अस्पताल लाए थे। डॉ. संजय धनकड़ ने कहा था कि स्टोन का बार-बार दर्द होगा, इसलिए किडनी निकाल देते हैं। यदि यह नहीं निकाली तो किडनी खराब हो जाएगी और जिंदगी भर दर्द होता रहेगा।
डॉक्टर ने 15 मई को सर्जरी कर दी थी। 17 मई को ईद बानो के यूरिन में मवाद आने लगा और दर्द बढ़ गया। परिजनों ने डॉक्टर से पूछा तो उसने जयपुर जाने को कहा था। कहा था- एसएमएस अस्पताल में सर्जरी के लिए कुछ मत बताना।




### भारतीय हॉकी टीम ने दोहराई टोक्यो की कहानी

# रोमांचक मैच में ब्रिटेन को हराकर सेमीफाइनल में की एंट्री

बढ़ता राजस्थान

**पैरिस (एजेंसी)।** सांसे रोक देने वाले ओलंपिक्स 2024 में भारत और ब्रिटेन के मुकाबले में भारतीय टीम का कमाल का प्रदर्शन रहा है। इस दौरान भारतीय टीम ने टोक्यो ओलंपिक 2020 की कहानी दोहराई और एक बार फिर ग्रेट ब्रिटेन को भारत ने क्वार्टर फाइनल में परास्त कर सेमीफाइनल में एंट्री की है। वहीं भारत को ये जीत तब मिली जब वह 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रही ही थी। दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में ही भारत के अमित रोहिदास को रेड कार्ड मिल गया था जिसके कारण वह पूरे मैच से बाहर रहे। कड़े मुकाबले में ग्रेट ब्रिटेन को पेनल्टी शूटआउट में हरा पेरिस ओलंपिक 2024 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। भारत को ये जीत तब मिली जब वह 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रही ही थी। दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में ही भारत के अमित रोहिदास को रेड कार्ड मिल गया था जिसके कारण वह पूरे मैच से बाहर रहे।

### ब्रिटेन को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया, 2 गोल बचाने वाले गोलकीपर श्रीजेश हीरो

ग्रेट ब्रिटेन ने भारत को कड़ी टक्कर दी। पूरे मैच में एक भी पल ऐसा नहीं था जब दोनों में कई भी टीम हताश या पीछे दिखी हो। दोनों ही टीमों ने लगातार अटैक करने की कोशिश की थी। भारतीय टीम की जीत में एक बार फिर उसकी दीवार बने गोलकीपर पीआर श्रीजेश का अहम रोल रहा। श्रीजेश ने ग्रेट ब्रिटेन के कई खतरनाक प्रयासों को असफल किया। तय समय में मैच 1-1 से बराबर रहा जिसके बाद पेनल्टी शूटआट में मैच गया। यहां भारत ने दमदार खेल दिखाया और 4-2 से जीत मैच अपने नाम कर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

## असम में सरकारी नौकरी के लिए वहीं जन्म होना जरूरी

### हिमंत सरकार नए कानून बना रही; लव-जिहाद के आरोपी को उम्रकैद की सजा दी जाएगी

बढ़ता राजस्थान

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने रविवार (4 अगस्त) को तीन बड़े ऐलान किए। पहला यह कि जल्द ही असम में सरकारी नौकरी उन्हीं लोगों को मिलेगी, जो असम में ही पैदा हुए हैं। दूसरा, लव-जिहाद के मामले में दोषी को उम्रकैद की सजा दी जाएगी।

तीसरा, असम सरकार ने हिंदुओं और मुसलमानों के बीच जमीन की बिक्री के संबंध में भी फैसला लिया है। हालांकि सरकार इसे रोक नहीं सकती, लेकिन खरीद-बिक्री से पहले मुख्यमंत्री की सहमति लेना जरूरी कर दिया गया है। सरमा ने ये बातें बीजेपी की राज्य कार्यकारिणी की बैठक में कहीं।




### सरकारी नौकरियों के लिए नई डोमिसाइल पॉलिसी पेश करेगी सरकार

सरमा ने बैठक में कहा कि जल्द ही एक नई डोमिसाइल पॉलिसी पेश की जाएगी, जिसके तहत केवल असम में जन्मे लोग ही राज्य सरकार की नौकरियों के लिए पात्र होंगे। चुनाव में किए वादे के अनुसार, एक लाख सरकारी नौकरियों में असम के लोगों को प्राथमिकता दी गई है। पूरी लिस्ट पब्लिश होने पर यह स्पष्ट हो जाएगा।

## दर्दनाक हादसा | एमपी के सागर में दीवार गिरी, 9 बच्चों की मौत

### शिवलिंग बनाने के दौरान मंदिर से सटकर बने मकान का हिस्सा ढहा, 2 घायल

बढ़ता राजस्थान

**सागर।** सागर में दीवार गिरने से 9 बच्चों की मौत हो गई जबकि 2 घायल हैं। बच्चों की उम्र 8 से 15 साल के बीच है। हादसा रविवार सुबह करीब 10 बजे रहली विधानसभा के शाहपुर में हुआ। जेसीबी से मलबा हटाकर शव और घायल बच्चों को बाहर निकाला गया। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक, शाहपुर के हरदौल मंदिर में शिवलिंग निर्माण और भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।

यहां सुबह से ही लोग शिवलिंग बनाने पहुंच जाते हैं। रविवार की छुट्टी होने के कारण शिवलिंग बनाने के लिए बच्चे भी बड़ी संख्या में आए थे। मंदिर में जिस जगह बच्चे बैठकर शिवलिंग बना रहे थे, उसके लगे



मकान की दीवार अचानक ढह गई। यह मकान करीब 50 साल पुराना है। लगातार हो रही बारिश की वजह से कमजोर हो रहा था। मंदिर में जहां हादसा हुआ, वहां की जमीन भी पानी की वजह से धंस गई थी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे नगर परिषद कर्मचारी, पुलिस और स्थानीय लोगों ने मिलकर रेस्क्यू शुरू किया। रहली विधायक और पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव मौके पर पहुंचे। इधर, सरकार ने शाहपुर नगर परिषद के सीएमओ धनंजय गुमास्ता और उप यंत्री वीर विक्रम सिंह को निलंबित कर दिया है।

## बिहार सीएम ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी

### ऑफिशियल ई-मेल पर अलकायदा ग्रुप के नाम से आया मैसेज

बढ़ता राजस्थान

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। वो भी ई-मेल के जरिए। धमकी भरा ई-मेल सीधे तौर पर सीएमओ के आधिकारिक ई-मेल आईडी पर भेजा गया था। धमकी भरे ई-मेल में चौंकाने वाली बात यह है कि उसमें सीएमओ को बम से उड़ाने की बात लिखने के साथ ही अलकायदा ग्रुप लिखा हुआ था। पुलिस की माने तो सीएमओ के सरकारी मेल आईडी पर मेल आया कि सीएमओ को बम से उड़ा दिया जाएगा। बिहार की स्पेशल पुलिस भी उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकती है। इसे हल्के में लेने की कोशिश न करें। मेल अलकायदा ग्रुप के नाम से भेजा गया था। इसे पढ़ने के बाद से सरकारी महकमे में हड़कंप मच गया। जिसके बाद मामले की जानकारी पटना पुलिस को दी गई। तब शुरुआती जांच के बाद सचिवालय थाना में 2 अगस्त को इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई। जिस ईमेल आईडी से धमकी भरा मैसेज आया है, उसी को पुलिस ने नामजद किया है।

SNO
Shree Nath Optician

Improve Your Vision
G-32, Shivam Appt. Nr Biyani College, Central Spine, Vidhyadharnagar. M: 9785111173
G-2, Shree Tower, Sector-11, Despensary Road, Kumbha Marg, Pratap Nagar. M: 8559990941

## सम्पादकीय

### आखिर क्यों धामी को आलोचना से कोई फर्क नहीं पड़ता?

डबल इंजन सरकार के नाम पर जहां अन्य प्रदेश सरकारें हांफने लगती हैं वहीं धामी खुलकर बोलते हैं कि हां, उत्तराखंड में मोदी-धामी की डबल इंजन सरकार काम करती है। कहते हैं कैलाश में शिव अपने अराध्य नारायण और लक्ष्मी के साथ में विराजमान हैं जिन्हें बद्री विशाल के नाम से जाना जाता है। बद्री विशाल यानी पांडव अर्जुन, यानी ईश्वर का वो मूर्तिमान रूप जो चारों युगों में यहां विराजमान है। इसने सृष्टि को कई बार बनते बिगड़ते देखा है। 2013 में केदारनाथ में हुए हादसे के बाद ऐसा लगा था मानों अब केदार को फिर से बसा पाना संभव नहीं हो पाएगा, लेकिन हरि और शिव जहां स्वयं विराजमान हों वहां कैसा रुदन? केदार को संवारने जैसे दोनों स्वयं आ गए हों, मोदी और धामी के रूप में। कहते हैं उत्तराखंड में डबल इंजन की सरकार है। सच कहें तो यहां प्राकृतिक रूप से डबल इंजन सरकार है। इस पूरे प्रदेश को बद्री और केदार, शिव और हरि गार्ड करते हैं। इसमें कोई दोराय नहीं है। और वर्तमान में देखें तो उत्तराखंड में डबल इंजन की सरकार है। मोदी और धामी मिलकर भी गार्ड का काम ही करते हैं। कहते हैं कि आपदा कितनी भी बड़ी क्यों न हो, एक सॉलिड आदमी आपके साथ होना चाहिए। फिर आपदा-वापदा कुछ एक्जिस्ट नहीं करता। उत्तराखंड के लिए पुष्कर सिंह धामी वही सॉलिड आदमी है। इसलिए लाख विपत्तियों के बावजूद ये प्रदेश खड़ा है और मुस्कुरा रहा है। अब तो इस प्रदेश से तरक्की की खुशबू भी आने लगी है। इस सॉलिड आदमी के साथ एक और बहुत सॉलिड आदमी खड़ा है। जैसे कि शिव के साथ हरि। नाम तो जानते ही होंगे। जी हां, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। ये जोड़ी जय और वीरू की जोड़ी नहीं है। ये जोड़ी शिव और हरि की जोड़ी है।

इन दोनों ने मिलकर इस प्रदेश को सबसे पहली चीज जो दी है वो है स्थिरता। राजनीति और पत्रकारिता की बात छोड़ भी दें तो ये बात आम लोगों को भी पता है कि उत्तराखंड के आरंभ से ही यहां की सबसे बड़ी कमी रही अस्थिर सरकार। बार-बार सरकार का गिरना इस प्रदेश के लिए घातक साबित होता रहा। एक समय ऐसा आया कि यहां के आला अफसर तक ये कहने लगे कि यहां तो पूर्व मुख्यमंत्री इतने हो गए हैं कि उतना इस प्रदेश को अस्तित्व में आए हुए नहीं हुआ। सोचिए, ये बात क्या हलके में ली जा सकती है। नहीं। अपने आप में यह बात भीतर तक हिला देने वाला है। एक प्रदेश अपने विकास और प्रगति के बारे में क्या सोच पाएगा अगर वहां की सरकार ही टिकाऊ नहीं है। ऐसे आलोचकों की कमी नहीं है, जो धामी की भरपूर निंदा करते हैं। कुछ नहीं तो केदारनाथ धाम के नाम पर ही लपेट लिया जाता है। लेकिन, आपको बता दें कि पिछले 24 सालों में जितने मुख्यमंत्री इस प्रदेश के नाम दर्ज हुए और उन सब ने जनता से जुड़ने के लिए, उन्हें मदद पहुंचाने के लिए जितनी उड़ानें भरी और यात्राएं की धामी अकेले पिछले 3 सालों में उतनी यात्राएं कर चुके हैं और उतने लोगों से मिलकर उनकी समस्या सुलझा चुके हैं। दरअसल, आलोचना और समालोचना में फर्क होता है। एक व्यक्ति की खिंचाई तभी तक हो सकती है जबतक वह व्यक्ति अयोग्य है और दिए गए कार्य में उसकी कोई रुचि नहीं है।

# उत्तर प्रदेश : सरकारी सम्पत्ति की लूट मामले में हमाम में सब नंगे है

**उत्तर प्रदेश विधानसभा में उत्तर प्रदेश नजूल सम्पत्ति (लोक प्रयोजनार्थ प्रबंध और उपयोग) विधेयक, 2024 पारित हुआ था। योगी आदित्यनाथ सरकार ने इस विधेयक का मुख्य उद्देश्य नजूल भूमि की रक्षा करना बताया तथा सम्पत्ति को किसी भी तरह से निजी हाथों में जाने से रोकना है। इसका उद्देश्य केवल और केवल सार्वजनिक हित में नजूल सम्पत्ति का उपयोग करना बताया गया है। इस सम्पत्ति पर पूरी तरह से सरकारी नियंत्रण स्थापित करना है।**

अशोक भाटिया



उत्तर प्रदेश विधानसभा सत्र में योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा बीते सप्ताह विधानसभा में भारी हंगामे के बीच उत्तर प्रदेश नजूल सम्पत्ति (लोक प्रयोजनार्थ प्रबंध और उपयोग) विधेयक, 2024 पेश किया था। विधेयक विधानसभा में विरोध के बावजूद पास हो गया। लेकिन विधेयक विधान परिषद में अटक गया। विधेयक को प्रवर समिति के पास भेज दिया गया है। इस विधेयक का विपक्षी दलों सहित भाजपा के कुछ विधायकों और सहयोगी दलों द्वारा भी किया गया है। सबसे पहले तो सवाल यही उठता है कि क्या है नजूल सम्पत्ति और सरकार को आजादी के 77 वर्ष के बाद इस सम्पत्ति के विरोध में क्यों उत्तरप्रदेश सरकार जागी ।तो हम आपको बता दे दरअसल, नजूल सम्पत्ति उस सम्पत्ति का निर्धारण गुलामी के दौर में अंग्रजों द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों और भारतीयों के शोषण के लिए किया था। ब्रिटिश शासन में खिलाफ विद्रोह करने वाले राजाओं को युद्ध में हराकर उनकी रियासतों और सम्पत्ति को जब्त कर लेते थे। ऐसी सम्पत्तियों पर लगान लगाया जाता था। लगान नहीं चुकाने की स्थिति में उस सम्पत्ति का मालिकाना हक अंग्रेजों का हो जाता था। उस सम्पत्ति को अंग्रेज ने 1895 के गवर्नमेंट ग्राण्ड एक्ट के अन्तर्गत मामूली किराए पर लीज पर दे दी। इस लीज की अवधि 90 वर्ष तक थी। भारत की आजादी के बाद अंग्रेजों ने इन सम्पत्तियों पर भी अपना अधिकार खो दिया। ऐसे में इन सम्पत्तियों के वास्तविक स्वामी इन सम्पत्तियों पर अपना मालिकाना हक साबित नहीं कर सके। उनके पास इस संबंध में कोई भी दस्तावेज नहीं थे। अत- ऐसी सम्पत्तियों को नजूल सम्पत्ति के रूप में परिभाषित किया गया। इन सम्पत्तियों पर राज्य सरकारों का मालिकाना हक प्राप्त हुआ।

भाजपा के सहयोगी दलों और कुछ भाजपा के विधायकों द्वारा भी विरोध किया जा रहा था। इस विधेयक पर भाजपा के विधायकों और कई मंत्रियों ने योगी आदित्यनाथ को अपनी चिंताओं से अवगत कराया था। इस विषय पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य के बीच भी बैठक हुई थी। विधेयक के लाभ हानि पर विचार करने के बाद तय हुआ कि भूपेन्द्र चौधरी विधेयक को प्रवर समिति में भेजने के लिए प्रस्ताव रखेंगे। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस विधेयक को लाने के पीछे सरकार का उद्देश्य पवित्र तो है लेकिन कानून बनने के बाद इसका दुरूपयोग होने की आशंकाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। जिन राजनीतिक हालातों में विधेयक को लाया गया है उससे राजनीतिक नुकसान होने की भी संभावनाएं ज्यादा हैं। विपक्ष को सरकार के खिलाफ बड़ा मुद्दा हाथ लग जाएगा। इसका दुष्परिणाम आगामी उपचुनावों में सत्ताधरी दल को उठाना पड़ सकता है। इन बातों पर विचार विमर्श के बाद सरकार विधेयक को अटकाने के लिए तैयार हो गई। प्रवर समिति दो महीने में इस पर अपनी रिपोर्ट देगी। हालांकि विपक्षी दल और भाजपा के सहयोगी दलों के अतिरिक्त भाजपा के कुछ विधायक इस विधेयक का विरोध करते हुए तर्क रख रहे हैं कि इससे बड़े पैमाने पर लोग उजड़ जाएंगे। लोग बेघर हो जाएंगे। इसका एक दूसरा पक्ष भी है। उत्तर प्रदेश में हजारों करोड़ की नजूल की जमीन को फ्री होल्ड कराने का खेल चल रहा है। लगभग दो लाख करोड़ की नजूल सम्पत्तियों को कब्जाए बैठे लोग सर्किल रेट का महज 10 प्रतिशत देकर इन सम्पत्तियों को अपने हक में फ्री होल्ड कराना चाहते हैं। इस पूरे खेल में स्थानीय अधिकारी भी मिली भगत में शामिल हैं। सरकार इसी लूट को रोकने के लिए इस विधेयक को लाना अपना उद्देश्य बना रही है। आवास विभाग उन सभी फर्जी दस्तावेजों की जांच करेगा जिनके आधार पर नजूल की सम्पत्ति को फ्री होल्ड कराने का फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। मीडिया में छपी खबर के अनुसार उत्तर प्रदेश में 25 हजार हेक्टेयर जमीन नजूल सम्पत्ति है। इसमें से फर्जीवाड़ा करके फ्री होल्ड कराई जा चुकी है। नलूल की सम्पत्ति पर स्वामित्व का अधिकार पाने के लिए तीन सौ से अधिक मामले हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में चल रहे हैं। वहीं, लगभग ढाई हजार मामले प्रतीक्षारत हैं। इन मामलों से जुड़ी नजूल सम्पत्ति की कीमत लगभग दो लाख करोड़ रूपया है। आश्चर्य की बात यह है कि नजूल की सम्पत्ति को फ्री होल्ड कराने का कोई कानूनी प्रावधान है ही नहीं, इसके बावजूद इसने बड़े पैमाने पर नलूल की सम्पत्ति को फ्री होल्ड कराया जा चुका है। इसमें बहुत बड़ा घोटाला भी हुआ है। वहीं, सरकार को लाखों करोड़ के राजस्व की हानि भी हुई है। नजूल की सम्पत्ति को लेकर उत्तर प्रदेश में जो भी हो हल्ला मचा हुआ है उसके पीछे सरकारी सम्पत्ति को कब्जाने की नीयत अधिक प्रतीत होती है। बताया जाता है कि उत्तर प्रदेश के हर जिले में बड़े पैमाने पर नजूल की सम्पत्ति मौजूद है। इस पर लाखों लोग बसे हुए हैं। प्रदेश के कई वर्तमान, पूर्व विधायकों, मंत्रियों और सांसदों के भी मकान और व्यापारिक संस्थान तक इस जमीन पर बने हुए हैं। बड़े पैमाने पर सरकार की लाखों करोड़ की सम्पत्ति को लोगों ने कौडियों की कीमत पर कब्जा रखा है। उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक नजूल सम्पत्ति प्रयागराज, गोंडा, बहराइच, कानुपर, अयोध्या और सुल्तानपुर में बड़े पैमाने पर हैं। प्रयागराज का पूरा सिविल लाइन एरिया नजूल की जमीन पर ही बसा हुआ है। यहां एक एक बंगले की कीमत कई सौ करोड़ की है। अब विपक्ष ही नहीं 'अपनों' के विरोध के चलते भले ही विधान परिषद (उच्च सदन) में बहुमत होने के बावजूद सीएम योगी आदित्यनाथ का नजूल संपत्ति अधिनियम ठंडे बस्ते में फिलहाल तो चला गया लेकिन यह विधेयक मरा नहीं है और अगर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चली तो कुछ वक्त बाद कुछ संशोधनों के साथ एक बार फिर यह विधेयक वापस आएगा। ऐसा नहीं है कि नजूल संपत्ति विधेयक को अचानक सरकार ने बनाकर पेश कर दिया बल्कि सत्ता के गलियारे में इस विधेयक को लेकर चर्चा काफी वक्त से चल रही थी, ताकि 2 लाख करोड़ की लगभग 75 हजार एकड़ भूमि के इस नूजूल संपत्ति के बंदरबांट को प्रदेश में रोका जा सके। बताया जाता है 1993 में नजूल संपत्ति को लेकर बने बोहरा कमिशन ने अपनी रिपोर्ट दी थी, जिसमें राजनेता अपराधी -भूमि माफिया और नौकरशाह के इसी संगठित गिरोह पर चिंता जताई गई थी- इस रिपोर्ट में यह कहा गया था कि बड़े शहरों में आए का मुख्य स्रोत अचल संपत्ति से संबंधित भूमि और भवनों पर जबरन कब्जा करना है, मौजूद निवासियों किराएदारों को बाहर निकाल कर सस्ते दामों पर ऐसी संपत्तियों को खरीदना- बेचना है जो व्यवसाय का रूप ले चुका है, यही नहीं इस रिपोर्ट में राजनेता, माफिया, अफसरों और अपराधियों के नेक्सस पर भी चिंता जताई गई थी। दरअसल, उत्तर प्रदेश में करीब 72 से 75000 एकड़ नजूल की जमीन है जिसकी बाजार की कीमत 2 लाख करोड़ से ज्यादा है। नजूल भूमि पर अवैध कब्जा कर लेना, अगर किसी के नाम बेशकीमती नजूल की जमीन की लीज़ है और वो अगर कमजोर है या आसान शिकार है तो उसे हड़प लेना, भू-माफिया द्वारा फर्जी दस्तावेज तैयार कर कौड़ियों के भाव में अपने पक्ष में फ्री होल्ड करा लेने का खेल लंबे वक्त से चल रहा है। अंग्रेजों के वक्त की लीज़ की हुई जमीन का अगर कोई वारिस नहीं है तो शहर के बड़े भू-माफियाया और अपराधी पहले उसे पर अवैध कब्जा करते हैं और फिर फर्जी फ्री होल्ड कराने का गोरखधंधा चलता है जिसमें अफसरों से लेकर भूमाफियाओं और नेताओं की मिलीभगत होती है और लीज़ की उस ज़मीन पर बड़े-बड़े मार्केट कंपलेक्स और व्यावसायिक गतिविधियों के केंद्र बनाकर सैकड़ों हजार करोड़ का कारोबार फलता फूलता है। योगी सरकार ने कई बड़े माफिया पर कार्रवाई की। अतीक अहमद प्रयागराज के सबसे बड़े माफिया और भू माफिया के तौर पर जाना जाता था, जिसने प्रयागराज के सिविल लाइन से लेकर लखनऊ के हजरतगंज तक न जाने कितने नजूल की जमीनों पर कब्जे किए और ऐसे ही कारोबार की मदद से हजारों करोड़ की संपत्ति बना ली गई।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज आपको विविध क्षेत्रों से लाभ होने होने की संभावना है। व्यवसाय के क्षेत्र में लाभ होगा। साथी कर्मचारियों का पूरा सहयोग मिलेगा। क्रोध में किसी के साथ विवाद की आशंका बनी रहेगी। स्वास्थ्य नरम-गरम रहेगा।

**वृष**
व्यापार में लाभ मिल सकता है। पिता से भी आर्थिक लाभ की संभावना दिख रही है। आज किसी प्रिय पात्र और मित्रों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बनेगा। मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। व्यापार में भी आपको लाभ होगा।

**मिथुन**
सरकारी काम में सफलता या लाभ मिलेगा। संतान के पीछे पैसे खर्च होंगे। कलाकारों एवं खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिक्षा दर्शाने के लिए उत्तम समय है। दिन की शुरुआत से ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव करेंगे।

**कर्क**
आपकी कोई चिंता दूर हो सकती है। स्नेहीजन और मित्रों से मुलाकात सुखद रहेगी। हालांकि आप वाणी पर संयम रखें। शाम में किसी तरह के नकारात्मक विचार आपको परेशान कर सकते हैं। गुस्से पर संयम रखें। भागीदारी से लाभ होगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह**
आज सुबह आपका मन क्रोधित रहेगा। शारीरिक रूप से अस्वस्थ और मानसिक रूप से चिंता का अनुभव होगा। विद्यार्थियों को अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेंगे। दोपहर के बाद किसी प्रिय मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**कन्या**
प्रिय पात्र और मित्रों के साथ मुलाकात होगी। पर्यटन का आयोजन हो सकता है। शादी योग्य युवक-युवतियों का रिश्ता पक्का हो सकता है। आज का दिन आपके लिए शुभ है। नौकरीपेशा लोगों का टारगेट पूरा हो सकेगा। आज का दिन दोस्तों के साथ मौज-मस्ती में गुजरने वाला है।

**तुला**
किसी भी नए काम की शुरुआत आज न करें। किसी बात को लेकर मन में ग्लानि का भाव रहेगा। परिजनों के साथ वाद-विवाद न करें। दोपहर के बाद आपकी शारीरिक और मानसिक स्थिति में सुधार की संभावना है।

**वृश्चिक**
परिजनों के साथ वाद-विवाद होने से मन चिंता से भरा रहेगा। छाती में दर्द या अन्य कोई शारीरिक परेशानी होने से शरीर शिथिल रहेगा। निरर्थक आर्थिक खर्च से बचें। किसी तरह की यात्रा का कार्यक्रम हो, तो आज टालना उचित रहेगा।

**धनु**
आज आपको हर काम में सफलता मिलेगी। विरोधियों पर आप विजय प्राप्त कर सकेंगे। सामाजिक दृष्टि से आपको मान-सम्मान मिलेगा। आपकी एनर्जी कम हो जाएगी। आलस्य का वातावरण छाया रहेगा। विवाद में मानहानि हो सकती है।

**मकर**
आज वाणी में संयम रखें। स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी कन्फ्यूजन में दिन गुजरेगा। आप नए काम की शुरुआत कर सकेंगे। स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी।

**कुंभ**
आर्थिक लाभ भी होगा। भाई-बंधुओं के साथ प्रेम बढ़ेगा। भाग्यवृद्धि के अवसर मिलेंगे। काम की सफलता से आपका उत्साह बढ़ेगा। आज का आपका दिन खुशी और आनंद के साथ गुजरेगा। आप कुछ अधिक ही संवेदनशील रहेंगे।

**मीन**
पारिवारिक कठिनाइयां भी कम होंगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा हो सकती है। ईश्वर का नाम स्मरण और आध्यात्मिकता आपके मन को शांति प्रदान करेंगे। मनोरंजक एक्टिविटी में आपका मन लगेगा। सुखद यात्रा का संयोग बनेगा।

## शख्सियत

**हसॅमुख चेहरा ही एक ऐसा विकल्प है जो हमें तनावमुक्त रखते हुए अपने मुकाम तक पहुँचा सकता है वरना आज के जमाने में तो खुशी में भी तनाव महसूस होने लगता है......**

नमस्कार मित्रों, हमारी आज की शख्सियत हैं राजस्थान प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी जितेन्द्र नरूका। इनके बारे में लिखू शायद शब्द ही नहीं हैं। सच में कितने जमीनी व्यक्तित्व के धनी हैं ये वहीं लोग जान सकते हैं जिनका इनसे सर्म्पक हुआ हो। हमेशा मुस्कुराते हुए कार्य करना और अधिनस्थ कर्मचारियों व अधिकारियों को भी खुश रखना इनके जीवन शैली में शामिल हैं। 15 जनवरी सन 1976 को अलवर में जन्में जितेन्द्र नरूका ने एमए हिस्ट्री से करने के बाद सिविल सर्विसेज में अपना भागय आजमाया और सन 2011 में राजस्थान प्रशासनिक सेवा में आ गए। ये सहायक कलेक्टर एवं कार्यकारी मजिस्ट्रेट प्रशिक्षणाधीन,जैसलमेर। एचसीएमए रीपा, जयपुर में संस्थागत प्रशिक्षण। सहायक कलेक्टर एवं कार्यकारी मजिस्ट्रेट प्रशिक्षणाधीन,बाड़मेर। उपखण्ड अधिकारी, गढ़ी बांसवाड़ा। उपखण्ड अधिकारी, बूंदी। रजिस्ट्रार, मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर। उपखण्ड अधिकारी, चौहटन बाड़मेर। उप महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक-बाडमेर वृत्त। रजिस्ट्रार, मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर। परियोजना अधिकारी एमएडीए धौलपुर। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी-सह.एडीपीसी ई.जी.एस एवं पदेन। ओ.एस.डी.भूमि यूआईटी अलवर। जिला आपूर्ति अधिकारी, अलवर रहे और फिलहाल अतिरिक्त कलेक्टर एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट-सवाई माधोपुर पद को सुशोभित कर रहे हैं। लाजबाव व्यक्तित्व के धनी जितेन्द्र नरूका जहां भी रहे अमिट छाप छोड़ी है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।



जितेन्द्र नरूका
(आरएएस अधिकारी)

**जय हिन्द**

## आज का इतिहास

### 5 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- फ्रांसीसी और तुर्की की सेना ने 1543 में नाइस पर कब्जा जमाया।
- फ्रांसीसी सेना ने 1654 को स्टेन पर कब्जा किया।
- पहला स्पेनिश जहाज सेन कार्लोस ने 1775 में सेन फ्रेंसिस्को खाड़ी में प्रवेश कियाा।
- पश्चिम बंगाल के राजा महाराजा नंदकुमार को 1775 में कलकत्ता अब कोलकाता में फांसी दी गई ब्रिटिश शासन के द्वारा भारत में धोखधड़ी के लिए दी गई यह अंतिम फांसी थी।
- डच और अंग्रेज सेनाओं के बीच डोगर बैंक में 1781 को युद्ध हुआ।
- जापान ने 1874 में इंग्लैंड की तर्ज पर डाक बचत प्रणाली शुरू की।
- जापान में 1882 को मार्शल ला लगाया गया।
- कार का अविष्कार करने वाले कार्ल बेंज ने 1888 में अपनी पहली कार का पेटेंट 1886 में करवाया था।
- रूस और जापान के शांति वार्ताकारों के बीच 1905 को पहली बैठक अमेरिका के राष्ट्रपति रुजवेल्ट के न्यूयॉर्क स्थित घर पर हुई।
- जापान में टोक्यो के गिंजा में 1912 को पहली टैक्सी सेवा शुरू हुई।
- अमेरिका में पहली ट्रैफिक लाइट 1914 में लगाई गई।
- क्यूबा, उरुग्वे, मैक्सिको और अर्जेंटीना ने 1914 में प्रथम विश्व युद्ध के दौरान तटस्थ रहने की घोषणा की।
- मांटेनेग्रो ने 1914 में प्रथम विश्व युद्ध के दौरान ऑस्ट्रिया हंगरी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- जर्मनी की सेना 1915 में पॉलेंड की राजधानी वारसा में घुसी।
- प्रथम विश्व युद्ध के दौरान वार्सा पर 1915 में जर्मनी का अधिकार हो गया इससे पहले यह क्षेत्र रुस के अधिकार में था।
- अमेरिका और जर्मनी ने 1921 में बर्लिन शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- हेनरी सुलिवान 1923 में इंग्लिश चैनल को पार करने वाले पहले अमेरिकी बने।
- फ्रांस और जर्मनी के बीच व्यापार समझौते पर 1926 को हस्ताक्षर किए गए।
- अमरीकी हवाई जहाज ने 1945 में जापान के हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराया था।
- इक्वाडोर की राजधानी क्विटो में 1949 को आये 6.7 की तीव्रता वाले भूकंप से छह हजार लोगों की मौत।
- अफ्रीकी देश बोरकिनाफ़ासो ने 1960 में अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।
- यूरी गैगेरीन के ऐतिहासिक उपक्रम के चार महीने के बाद सोवियत संघ ने 1961 में अपने दूसरे अंतरिक्ष यात्री को अंतरिक्ष में उतारा था।
- न्यायमूर्ति लीला सेठ 1991 में दिल?ली हाईकोट में जज बनने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।
- अटलांटा शताब्दी ओलम्पिक का सिडनी में 1996 को मिलने का वादा के साथ सम्पन्न।
- चीन और ताइवान के बीच 1999 में तनाव चरम पर।
- गोंजालो लोजाडा 2002 में बालोविया के नये राष्ट्रपति चुने गये।
- भारत के अंडमान निकोबार द्वीप से 2008 को 176 मील उत्तर-पूर्व में हिंद महासागर में 5.5 तीव्रता के भूकंप का झटका महसूस किया गया।
- केन्या के 70% नागरिकों ने 2010 को जनमत संग्रह में लोकतांत्रिक सुधारों के अंतर्गत नया संविधान बनाने का समर्थन किया।
- कश्मीर (भारत) के लेह में 2010 को बादल फटने से तथा उसके बाद आई बाढ़ में 115 लोगों की मृत्यु हो गई।
- कराची (पाकिस्तान) में 2010 को एमक्यूएम के विधायक रजा हैदर की हत्या के बाद चार दिनों से जारी जातीय हिंसा में 70 लोगों की हत्या कर दी गई।

## विशेष आलेख

# वक्फ बोर्ड के अधिकारों को सीमित करेगी मोदी सरकार

रामस्वरूप रावतसरे

केंद्र सरकार वक्फ बोर्ड के ''असीमित'' अधिकारों पर लगाम लगाना चाहती है। सरकार बोर्ड के उस अधिकार को कम करना चाहती है जिसके तहत वो किसी भी संपत्ति को ''वक्फ संपत्ति'' घोषित करके उस पर नियंत्रण कर सकता है। शुक्रवार शाम को कैबिनेट ने वक्फ अधिनियम (2013 से पहले वक्फ अधिनियम के रूप में जाना जाता है) में 40 से अधिक संशोधनों पर चर्चा की। इनमें वक्फ बोर्ड के अधिकार क्षेत्र की जांच करने वाले संशोधन भी शामिल हैं, जिन्हें कई लोग मनमाना मानते हैं। वक्फ बोर्ड द्वारा सरकारी जमीनों पर दावा करने के तो मामले अक्सर आते ही रहते हैं। वक्फ बोर्ड के ऐसे दावों को नियंत्रित करने के लिए सरकार उसकी शक्तियों को पर अंकुश लगाने की तैयारी कर रही है। मोदी सरकार संसद के जारी मानसून सत्र में सोमवार (5 अगस्त 2024) को वक्फ एक्ट में संशोधन बिल पेश कर सकती है। सूत्रों के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि 2 अगस्त को कैबिनेट ने वक्फ़ अधिनियम में लगभग 40 संशोधन को मंजूरी दे दी। इन संशोधनों का मुख्य उद्देश्य वक्फ़ बोर्ड की किसी भी संपत्ति को 'वक्फ संपत्ति' बनाने की शक्तियों पर अंकुश लगाना है। वक्फ के इन दावों के कारण अक्सर विवाद और समानांतर कानून-व्यवस्था चलाने की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। केंद्र इस निरंकुशता को खत्म करना चाहता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली वर्तमान एनडीए सरकार इस संशोधन को 5 अगस्त 2024 को संसद में रख सकती है। 5 अगस्त का दिन विशेष महत्व रखता है। मोदी सरकार ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का बिल संसद में पेश किया था। इसके बाद पीएम मोदी द्वारा 5 अगस्त 2020 को अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया था। प्रस्तावित संशोधनों के अनुसार, वक्फ़ बोर्डों द्वारा संपत्तियों पर किए गए या किए जाने वाले दावों का सत्यापन अनिवार्य किया जाएगा। वक्फ़ बोर्ड की विवादित संपत्तियों के लिए भी सत्यापन करना अनिवार्य होगा। इससे विभिन्न राज्यों के वक्फ बोर्डों द्वारा जमीनों एवं अन्य संपत्तियों को किए जाने वाले दावों पर अंकुश लगेगी। इससे विवादों को रोकने में भी मदद मिलेगी। सूत्रों ने बताया कि मुस्लिम बुद्धिजीवियों, महिलाओं और शिया एवं बोहरा जैसे विभिन्न फिरकों की ओर से मौजूदा कानून में बदलाव की माँग की गई थी। संशोधन लाने की तैयारी 2024 के लोकसभा चुनावों से काफी पहले ही शुरू हो गई थी। सूत्र ने यह भी कहा कि ओमान, सऊदी अरब जैसे किसी भी इस्लामी देश में इस तरह की इकाई को इतने अधिकार नहीं दिए गए हैं। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि विभिन्न राज्यों के वक्फ़ बोर्डों के पास इस समय करीब 8.7 लाख संपत्तियाँ हैं। इन संपत्तियों का क्षेत्रफल करीब 9.4 लाख एकड़ है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले केंद्र सरकार ने राज्य में वक्फ बोर्डों की इस शक्ति के दुरुपयोग का संज्ञान लिया था। वक्फ बोर्डों द्वारा किसी भी संपत्ति पर दावा करने पर अधिकांश राज्यों में इन संपत्ति के सर्वे में देरी होती थी। इसके बाद केंद्र सरकार ने वक्फ संपत्तियों की निगरानी में जिला मजिस्ट्रेटों को शामिल करने की संभावना पर भी विचार किया था। वक्फ बोर्ड के किसी भी फैसले के खिलाफ अपील सिर्फ कोर्ट के पास हो सकती है। ऐसी अपीलों पर फैसले के लिए कोई समय-सीमा नहीं होती है। कोर्ट का निर्णय अंतिम होता है। वहीं हाईकोर्ट में पीआईएल के अलावा अपील का कोई प्रावधान नहीं है। साल 1954 में पंडित जवाहरलाल नेहरू की सरकार के समय वक्फ अधिनियम पारित किया गया। इसके बाद इसका केंद्रीकरण हुआ। वक्फ एक्ट 1954 वक्फ की संपत्तियों के रखरखाव का काम करता था। इसके बाद से इसमें कई बार संशोधन हुआ। साल 2013 में कॉन्ग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने बेसिक वक्फ़ एक्ट में संशोधन करके वक्फ बोर्डों को और अधिकार दिए थे। ये संशोधन वक्फ अधिकारियों, व्यक्तिगत संपत्ति मालिकों और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण सहित कई राज्य संस्थाओं के बीच विवाद का एक प्रमुख कारण रहे है। दरअसल, वक्फ अरबी भाषा का शब्द है और इसका अर्थ संपत्ति को जन-कल्याण के लिए समर्पित करना है। इस्लाम में में वक्फ उस संपत्ति को कहते हैं, जो इस्लाम को मानने वाले लोगों द्वारा जकात के रूप में दान की जाती है। ये धन-संपत्ति सिर्फ मुस्लिमों के हित या इस्लाम के प्रसार-प्रसार के लिए काम में लाया जा सकता है। ये दौलत वक्फ बोर्ड के तहत आती है। सितंबर 2022 में तमिलनाडु से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया था, जहाँ वक्फ बोर्ड ने हिंदुओं के पूरे गाँव 1100 साल पुराने मंदिर पर दावा ठोक दिया था। तमिलनाडु में वक्फ बोर्ड ने त्रिची के नजदीक स्थित तिरुचेंथुरई गाँव को वक्फ संपत्ति घोषित कर दिया था। जब राजगोपाल नाम के व्यक्ति ने अपनी जमीन बेचने का प्रयास किया तो यह मामला समाने आया था। राजगोपाल जब अपनी जमीन बेचने के लिए रजिस्ट्रार ऑफिस पहुँचे तो उन्हें पता चला कि जिस जमीन को बेचने के बारे में वह सोच रहे हैं वह उनकी है ही नहीं बल्कि, जमीन वक्फ हो चुकी है और अब उसका मालिक वक्फ बोर्ड है। इतना ही नहीं, सारे गाँव वालों की जमीन ही वक्फ संपत्ति घोषित हो चुकी थी। इसके बाद यह मामला राष्ट्रीय सुर्खी बनी थी। इसी तरह का समाचार अप्रैल 2024 में हैदराबाद से आया था। तेलंगाना वक्फ बोर्ड ने राजधानी के एक नामी 5 स्टार होटल मैरियट को ही अपनी जागीर घोषित कर दिया था। हालाँकि, हाई कोर्ट ने उसके इस मंसूबे को धाराशायी कर दिया था।

दरअसल, साल 1964 में अब्दुल गफूर नाम के एक व्यक्ति ने तब वायसराय नाम से चर्चित इस होटल पर अपना हक जताते हुए मुकदमा कर दिया था। मुकदमे में वक्फ अधिनियम 1954 का हवाला दिया गया था, जिसकी वजह से होटल मैरियट की सम्पत्ति विवादित घोषित हो गई थी। लगभग 50 वर्षों तक वक्फ बोर्ड ने यह मामला कानूनी पेचीदगियों में उलझाए रखा। साल 2014 में एक बार फिर से तेलंगाना राज्य वक्फ बोर्ड होटल मैरियट के खिलाफ सक्रिय हुआ। मामला हाईकोर्ट में पहुँचा तो अंतिम फैसला होटल मैरियट के पक्ष में आया। इससे पहले, सरकार ने किसी भी संपत्ति पर दावा करने के लिए राज्य वक्फ बोर्ड की व्यापक शक्तियों और अधिकांश राज्यों में ऐसी संपत्ति का सर्वेक्षण करने में देरी का संज्ञान लिया था।

# जलदाय मंत्री ने धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेकर एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत लगाया पौधा

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के प्रतिनिधि के रूप में उनकी धर्मपत्नि राधा चौधरी ने क्षेत्र में माली समाज के अजमेरा परिवार की कुलदेवी मौली माताजी के वार्षिक मेले में भाग लेकर एक पौधा मां के नाम अभियान के अन्तर्गत पौधे लगाए। रविवार को पवित्र हरियाली अमावस्या के पावन मौके पर माली समाज के अजमेरा परिवार की ओर से कुलदेवी मौलीमाता का वार्षिक मेले का आयोजन हुआ। इस मेले में माली समाज के अजमेरा परिवार के सैकड़ो समाजबंधुओं ने भाग लिया। इसमें सम्मनीय अतिथि के रूप में प्रदेश के जलदाय मंत्री व क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी के प्रतिनिधि के रूप में उनकी धर्मपत्नि राधा चौधरी ने भाग लिया। मेले में उमड़े समाजबंधुओं को सम्बोधित करते श्रीमती चौधरी ने कहा कि समय समय पर आयोजित होने वाले धार्मिक आयोजनो से जहां एक ओर धार्मिक आस्था व धार्मिक भावना बढ़ती है। साथ ही इस प्रकार के आयोजनो में भाग लेने से समाजबंधुओं में भाईचारा व समाज में एकता भी बढ़ती है। उन्होंने सीख देते हुए कहा कि समाज के लोगो को इस प्रकार



के आयोजनो को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहयोग प्रदान करना चाहिए। राधा चौधरी ने कहा कि क्षेत्र की जनता के आर्शिवाद से हमको हमारे परिवारजनो की सेवा का अवसर मिला है। इस अवसर का हम पूरा लाभ लेकर सेवा भी करेगें और क्षेत्र का विकास भी करेगें। यह सही है कि जलदाय मंत्री के पास पूरे प्रदेश की जिम्मेदारी है लेकिन मंत्री जी व वे स्वयं क्षेत्र की जनता से मिले आर्शिवाद को कभी भूला नहीं पाएगें। क्षेत्र की पूरी जनता उनके परिवार की तरह है और जनता ने भी परिवार का मुखिया मान कर आर्शिवाद व अवसर प्रदान किया है। इस दौरान समाज की महिलाओं ने समाज की ओर से जलदाय मंत्री के प्रतिनिधि के रूप में मौजुद राधा चौधरी का सार्वजनिक अभिनन्दन किया। इस दौरान जलदाय मंत्री की प्रतिनिधि राधा चौधरी ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाए।

# कल्याण का मेला कल्याण के भरोसे ही होगा पूरा

## प्रंशासनिक व्यवस्थाऐं भी राम भरोसे ही

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा क्षेत्र की सुविख्यात धार्मिक व प्रदेश के छोटी काशी के नाम से जाने वाली धार्मिक डिग्गी में 11 से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाला 59वों लक्खी पदयात्रा मेला कल्याण जी महाराज कें भरोसे ही पूरा होने की संभावना है।

गत बार मेले को लेकर प्रशासन द्वारा एक माह पूर्व ही तैयारियां शुरू कर दी जाती थी। मेले को लेकर उच्चाधिकारी कई बार बैठके लेकर ब्लाक स्तरीय अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करते थे। साथ ही दिए गए निर्देशो पालना की निगरानी भी करते थे। साथ ही प्रशासन द्वारा प्रत्येक सरकारीर विभाग को जिम्मेदारी सौंप कर उनकी देखरेख करने व दी गई जिम्मेदारियो को पूर्ण करने की हिदायत देने की परम्परा चली आ रही थी। लेकिन इस बार ऐसा नहीं हो सका। मेले को अब तक केवल एक बार जिला कलक्टर की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुई है। इस बैठक में जिला कलक्टर ने ब्लाक सहित जिला स्तरीय अधिकारियो को कई निर्देश प्रदान किए थे। अधिकारियो ने भी पांच अगस्त तक दी गई जिम्मेदारियो व कार्यो को पूर्ण करने की जानकारी दी थी। लेकिन अब तक हुई तैयारियो को देखकर लगता यही है कि अधिकारी केवल आश्वासन ही देते हैं बाकी काम बहुत कम करते नजर आते हैं। अधिकारी भी अपने मातहतो पर जिम्मेदारी डाल कर निगरानी करना भूल जाते हैं। इस संबंध में यदि सार्वजनिक निर्माण विभाग की बात की जाए तो विभागीय अधिकारियो ने पांच अगस्त तक डिग्गी धाम को जोड़ने वाली सभी सड़को जंगल कटिंग सहित आवश्यक मरम्मत कार्य पूर्ण करने की बाते कही थी। सोमवार को पांच अगस्त है। विभागीय अधिकारी की गतिविशियो व अब तक हुए कार्य को देखकर लगता नहीं कि विभाग के अधिकारी अपने कहे वादे को पूरा कर सकेगें। क्योंकि आज तक तो धाम को जोड़ने वाली सड़को के किनारे बड़े बड़े बिलायती बंबूल उगे हुए हैं जो सड़को पर ही आ रहे हैं। इसके अलावा जल संसाधन विभाग द्वारा डिग्गी के सभी तालाबो की सुरक्षा की जिम्मेदारी पूरी की जाती थी। लेकिन इस बार विभाग के अधिकारियो ने तालाबो पर सुरक्षा की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की बताकर अपनी जिम्मेदारी से दूर हो गए। जबकि पूर्व के वर्षो में जल संसाधन विभाग द्वारा तालाबो मुख्य रूप से विजय सागर तालाब के घाटो सहित अधिक गहरे पानी में बेंरिकेटिंग की जाती थी। ग्राम पंचायत द्वारा तालाब के घाटो पर लाईटिंग की जाती थी। साथ ही जल संसाधन विभाग द्वारा तालाबों होने वाली किसी भी प्रकार की अनहोनी घटनाओं को रोकने के लिए एनडीआरएफ की टुकड़ी नाव सहित तैनात किए जाने की परम्परा थी। शायद इस बार यह परम्परा की पूरी नहीं हो रही है। इतना जरूर है कि जल संसाधन विभाग के अधिकारियो ने यह सारी जिम्मेदारी ग्राम पंचायत के माथे रखकर अपने आपको जिम्मेदारी से मुक्त करने की ठानी है। पूर्व के वर्षो में ट्रस्ट द्वारा भी कई व्यवस्थाओ में सहयोग प्रदान किया जाता था। लेकिन इस बार अदालती कार्रवाई व अदालत के आदेशो के चलते ट्रस्ट कोई भी सहयोग करने से पूर्व अदालत से अनुमति लेने की आवश्यकता थी जो भी नहीं ली गई है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह भी पदयात्रा मेले के अलावा मालपुरा में कावड़ यात्रा, स्वतन्त्रता दिवस समारोह का आयोजन होना है लेकिन इन आयोजको को पूरा करने के लिए प्रशासन के पास स्थाई उपखण्ड अधिकारी भी नहीं है क्योंकि पदस्थापित उपखण्ड अधिकारी अवकाश पर हैं और जिला कलक्टर की ओर से पीपलू उपखण्ड अधिकारी कपिल शर्मा को मालपुरा उपखण्ड के उपखण्ड अधिकारी के पद का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा हुआ है। इसके अलावा नगरपालिका मालपुरा में ईओ का पद भी रिक्त है और ईओ के पद का अतिरिक्त कार्यभार तहसीलदार के पास है। मालपुरा एक अतिवंवेदनशील शहर की श्रेणी में आने के बावजूद स्थाई अधिकारियो का नहीं होना, अतिरिक्त कार्यभार के अधिकारियो के तैनात रहने सहित डिग्गी में अब तक चल रही सुस्त मेला तैयारियो के चलते ऐसा महसूस किया जा रहा है कि इस बार का लक्खी पदयात्रा मेला सहित सावन मास में आने वाले त्यौंहारो की प्रशासनिक व्यवस्थाऐं पूरी तरह से राम भरोसे ही पूरी होगी।

# हरियाली अमावस्या महोत्सव पर बौरंगी में उमड़ा जनसैलाब मिट्टी के टीलों से फिसलने व झरनों में नहाने का लिया आनन्द

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर रत्तांचल पर्वत के पीछे स्थित बौरंगी में आयोजित वार्षिक मेले में लोगों ने उत्साह से भाग लिया। मेला स्थल पर प्राकृतिक छटा देखने व मेले का आनन्द लेने के लिए लोगों की काफी अधिक भीड़ रही। लोगों ने पर्वत से बहते हुए झरनों में नहाने का आनन्द लिया। नगरपालिका की ओर से आयोजित होने वाले हरियाली अमावस्या पर आयोजित मेले में युवकों ने ऊंट व घोड़े की सवारी कर मेले का लुत्फ उठाया। महिलाओं व युवतियों ने मेला स्थल पर लगी चाट-पकौड़ी की दुकानों व पतासी के ठेलों पर



खाद्य पदार्थों का आनन्द लिया। बच्चों व युवतियों ने बौरंगी में बने हुए रेत के टीलों पर चढकर फिसलने का आनन्द लिया। रेत के टीलों व पहाड़ के ऊपर अलग-अलग समूहों में लोगों ने पारिवारिक पिकनिक मनाने का आनन्द लिया। इस बार सावण मास में मानसून की मेहरबानी होने से खूब बरसात हुई है जिससे चारों ओर हरियाली हो गई। मेला स्थल पर नगरपालिका की ओर से प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था की गई। अमरनाथ सेवा मंडल की ओर से जगह-जगह प्याऊ लगाई गई। मेला स्थल पर विभिन्न प्रकार के खिलौनों, गुब्बारों व कई खाद्य व्यंजनों की लगी हुई दुकानों पर लोगों की भीड़ रही। इससे पूर्व शनिवार की सुबह करीब 4 बजे से ही सैकडों श्रद्धालु महिला-पुरूषों ने रत्तांचल पर्वत की साढे तीन कोस की परिक्रमा लगाकर धर्म लाभ कमाया। श्रद्धालुओं ने परिक्रमा की शुरूआत जालन्धरनाथ मंदिर, मोरिया वाले बालाजी मंदिर, श्रीगौरीशंकर महादेव मंदिर, श्री राधादामोदर मंदिर व कंकाली माता मंदिर के दर्शन से की।

पैदल परिक्रमा में श्रद्धालु भजन गाते, रामधुनी करते व जयकारे लगाते हुए टोंक रोड होते हुए संजय वन, जनता कालोनी, छोटी बरथल, बडी बरथल, ज्वालामाता मंदिर होते हुए बौरंगी से गुजरकर वापस श्री राधादामोदर मंदिर पहुंचे। मेले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस के जवान तैनात थे।

# नीता कंवर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा विरागंना की प्रदेशाध्यक्ष मनोनीत

बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा ( नि.स. )।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. हरिवंश सिंह के निर्देश पर राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री राघवेंद्र सिंह ने संगठन के हित में कई वर्षो से सराहनीय कार्य करने वाली पाकिस्तान मूल एवं नटवाड़ा सरपंच नीता कंवर को क्षत्रिय महासभा विरागंना(महिला मोर्चा) की प्रदेशाध्यक्ष मनोनीत किया। नीता कंवर के प्रदेशाध्यक्ष बनने पर कई सामाजिक संगठनो एवं सरपंच संघो के पदाधिकारियों ने बधाईयां दी। नव नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष नीता कंवर ने कहा कि संगठन ने उनको जो जिम्मेदारी दी है उसे हर संभव निभाकर संगठन को मजबूती प्रदान करेगी। उन्होने कहा कि प्रत्येक महिला अपने पांव पर खड़ी हो और आर्थिक रूप से मजबूत बने, समाज के उन बच्चों की मदद करना जो पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण शिक्षा से दूर हो रहे है। नीता कंवर ने बताया कि उद्योग जगत की बात हो, या फिल्म जगत की, विज्ञान



का महत्वपूर्ण क्षेत्र हो या देश की रक्षा की, आज ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जिसमें महिलाओं ने परचम न लहराया हो। लेकिन फिर भी कहीं न कहीं महिलाएं आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक रूप से कमजोर है। महिलाओ अधिक से अधिक सामाजिक कार्यों में भाग लेकर अपने मजबूत कदम बढ़ा कर विकास की ओर ध्यान देना चाहिए।

**कौन है नीता कंवर :** पाकिस्तान मूल की नीता कॅवर वर्तमान में राजस्थान के टोंक जिले के गॉव नटवाड़ा के राजपूत परिवार की बहु हैं। पडोसी देश की बेटी एवं भारतीय बहु नीता कंवर सन् 2001 में 18 वर्ष पूर्व पाकिस्तान से अपनी पढाई पूरी करने के लिए राजस्थान के जोधपुर जिले में अपने चाचा नखत सिंह सोढा के यहा आई थी एवं सन् 2005 में सौफिया कॉलेज से स्नातक की डीग्री प्राप्त की। पढाई पूरी करने के बाद 19 फरवरी 2011 को नटवाड़ा राज घराने के ठाकुर लक्ष्मण करण राठौड़ के बड़े पुत्र पुण्य प्रताप करण के साथ उनका विवाह सम्पन्न हुआ एवं लम्बी कानूनी प्रक्रिया से गुजरने के बाद 5 माह पूर्व सितम्बर 2019 में उनको भारतीय नागरिकता मिली। उन्होने बताया कि राजनीति में आने की प्रेरणा उनको उनके ससुर से मिली।

ससुराल में पहले भी उनके सास-ससुर चुनाव लड़ चुके है एवं राजनीति में आने एवं चुनाव लड़ने के लिए उनके ससुराल पक्ष में पति पुण्यप्रताप करण, ससुर लक्ष्मणकरण राठौड़ का भरपूर सहयोग किया एवं गॉव में सरपंच पद के लिए सामान्य सीट आरक्षित होने के बाद उन्होने चुनाव लड़ने का निश्चिय किया एवं चुनाव जीतकर सरपंच बनी।

# अवैध बजरी परिवहन करते 2 डम्पर जब्त

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** दतवास थाना पुलिस ने रविवार की सुबह एनएच 11 ए पर अवैध बजरी से भरे हुए दो डंपरों को जब्त कर एक डंपर के चालक व दूसरे डंपर के सहचालक को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी हेमंत जनागल ने बताया कि अवैध बजरी परिवहन की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची और एनएच 11 ए के तन बंशीपुरा से बजरी से भरे हुए दो डंपरों को रोक कर बजरी परिवहन के वैध कागजात मांगे। चालकों द्वारा उचित कागजात नहीं बताने पर दोनों डंपरों को मय बजरी के जब्त कर लिया। पुलिस ने इस मामले में एक डंपर के सह चालक अमरसिंह पुत्र बनवारीलाल जाट निवासी लोरडी थाना मौजमाबाद जिला दूदू व दूसरे डंपर के चालक अमरचंद पुत्र रतनलाल जाट निवासी गोपीपुरा थाना दूदूए जिला दूदू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों डंपरों को मय बजरी के सुरक्षार्थ थाना परिसर में खड़ा करवा दिया गया है तथा दोनों के विरुद्ध एमएमडीआर एक्ट में मामला दर्ज किया गया है।

# मोटरसाइकिल फिसलने से एक युवक की हुई मौत

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** बरोनी थाना क्षेत्र के गांव बगडी और अनवरपुरा खेडा के बीच शनिवार को बाइक फिसलने से 46 वर्षीय एक युवक की मृत्यु हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलने पर बरोनी थाना पुलिस एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंची और घायल अवस्था में युवक को राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय निवाई लेकर आई। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक राकेश मीणा पुत्र कालूराम मीणा निवासी भांवता थाना रहुवासा जिला दौसा का शव देर रात को सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया और मृतक के परिजनों को सूचना दी। रविवार को पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# श्री बद्रीनाथ धाम में सहस्त्र घट जलधारा से एक लाख 1008 घड़ों से किया भगवान नाटेश्वर महादेव का जलाभिषेक

बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा ( नि.स. )।** कस्बे में श्री बद्रीनाथ धाम में स्थित नाटेश्वर महादेव मंदिर में सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में श्रावण महोत्सव के दौरान हरियाली अमावस्या के अवसर पर रविवार को शिव सहस्त्र घट का आयोजन किया गया। जिसमे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान पंचमेश्वर महादेव का रूद्राभिषेक किया गया। सहस्त्र घट अनुष्ठान में शिव भक्तों ने हर हर महादेव एवं ओम नमः शिवाय के जयकारों के साथ से भोले को जल चढ़ाया एवं शिव परिवार की मनोरम झांकी सजाई। इस अवसर पर सुबह वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पीठ पूजन किया गया। इसके बाद मंत्रोच्चार के साथ रुद्र का पाठ किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने एक लाख एक हजार आठ घड़ों से भगवान पंचमेश्वर महादेव का सहस्त्र घट रुद्राभिषेक किया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर महादेव का दुग्धाभिषेक व जलाभिषेक किया। अभिषेक के बाद भगवान नाटेश्वर महादेव एवं श्री बद्री विशाल भगवान का श्रृंगार कर महाआरती उतारी। अंत में महाप्रसादी का आयोजन हुआ।

# मासी नदी रपटे पर नहाते हुए बहा 15 वर्षीय युवक, ग्रामीण व कांस्टेबल ने बचाया

बढ़ता राजस्थान

**पीपलू ( नि.स. )।** पीपलू-कस्बे से बगड़ी रोड़ मासी नदी रपटे पर लगातार बांध से छोड़े जा रहे पानी के चलते पानी की आवक हो रही है। रपट पर करीब 4 फीट पानी होने के बावजूद ग्रामीण बच्चे अनदेखी करते हुए इसमें नहाने के लिए चले जाते हैं। रविवार शाम को भी कस्बे का दिलखुश 15 पुत्र पप्पूलाल कीर नदी की रपटे पर नहाते हुए बीच नदी तक चला गया। जहां पानी के बहाव में वह बहने लगा। इस दौरान पानी देखने के लिए आए कस्बे के राकेश चंदेल तथा बगड़ी वाले छोर पर तैनात बरौनी थाने के पुलिसकर्मी कांस्टेबल कानजीराम उसे बचाने के लिए दौडकर करीब 150 मीटर दूरी तक बहने के बाद दोनों ने उसे बचाकर बाहर सुरक्षित निकाल लिया।



**उपखंड अधिकारी की अपील :** उपखंड अधिकारी कपिल शर्मा, तहसीलदार इन्द्रजीतसिंह चौहान ने सभी क्षेत्रवासियों से अपील है कि पानी से दूरी बनाए रखें। जान जोखिम में नहीं डाले। रपटों पर बह रहे पानी को पार करने का रिस्क लेने वाले दुपहिया, चौपहिया वाहन चालक एवं पैदल पार करने वाले लोग पानी की भयावहता को दरकिनार ना करें। उनकी लापरवाही कई जिंदगियों को मौत के मुंह में ले जा सकती है। उन युवाओं से भी अपील की है कि जो इस तरह लापरवाही बरतते हुए सेल्फी लेने का शौक रखते हैं। एक सेल्फी उनको एवं उनके परिवार पर भारी पड़ सकती है। ऐसे में सभी सजग रहें। यदि आपके आसपास या आपकी आंखों के सामने इस तरह कोई लापरवाही करता दिखे तो आप उसे रोके। नदियों की पुलिया, एनिकटों की रपट आदि से तेज बहाव में पानी निकालने का रिस्क नहीं लें। पीपलू तहसीलदार इन्द्रजीसिंह चौहान दिनभर में कई बार नदी की रपट सहित जलभराव वाले क्षेत्रों में जाकर लोगों से समझाईश करते हैं।

# हरियाली अमावस्या पर महादेव का शिव भक्तों ने किया सहस्त्र घटों से अभिषेक



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर रत्तांचल पर्वत की तलहटी में स्थित शिवालय व श्री गौरीशंकर महादेव मंदिर, कृषि मंडी स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर सहित शहर के अन्य शिवालयों में सहस्त्र घट के आयोजनों की धूम मची रही। श्रीगौरी शंकर महादेव मंदिर में आचार्य पं. अरविंद शास्त्री, कृषि मंडी स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में आचार्य रामकल्याण शर्मा झिलाय, मायला कुंड स्थित शिवालय में पंडित हनुमान शर्मा पराणा व बान्दरे वाले बालाजी मंदिर शिवालय में पंडित केदारप्रसाद शास्त्री के निर्देशन में अखंड सहस्त्र घट से भोले का अभिषेक किया गया। इस अवसर पर पंडित नवरत्न शर्मा, अवधेश शर्मा, हनुमान शर्मा, गोविंद दाधीच व तुषार शर्मा के निर्देशन में यजमान एडवोकेट राजमुरारी कुर्मी, सत्यनारायण कुर्मी, अजय कुमार, गौरव कुर्मी व पायल पाटीदार सहित कई श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ की विधि विधान से पूजा अर्चना करवाई। इसके बाद भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया। आरती के पश्चात फूलों से श्रृंगार कर श्रद्धालुओं को प्रसादी जिमाई गई।

# हरियाली अमावस्या पर 51 पौधे लगाए



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** आज हरियाली अमावस्या पर माता-पिता स्मृति में वृक्षारोपण किया गया जिसमें 51 पौधे लगाए गए टोंक जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव दशरथ सिंह नोहटा द्वारा लगाए गए ।वृक्षारोपण कार्यक्रम में लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया व सबको एक-एक पौधा लगाने का लगाने के लिए प्रेरित किया गया व संकल्प लिया ।पूर्व वार्ड पंच गिरिराज चौधरी, मुकेश रेगर, कैलाश रेगर ,जाट समाज टोंक जिला सचिन सुर ज्ञान चौधरी ,कालू जाट, पहलाद प्रजापत ,बाबूलाल स्वामी ,तेजराम चौधरी, रामकेश मीणा आदि लोगों ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया।

# क्षेत्र में विकास की कोई कमी नहीं रहेगी : विधायक रामसहाय वर्मा



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** विधायक रामसहाय वर्मा का सैकड़ों ग्रामीणों ने रविवार को खणदेवत रोड पर स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीणों ने जमकर आतिशबाजी की और विधायक वर्मा को केलों से तोला गया। भाजपा नेता सत्यनारायण तिवाडी ने बताया कि पिछले 10 वर्षों से निवाई से डांगरथल खंडदेवत, रंभा व बनवाड़ा की रोड पूरी तरह क्षतिग्रस्त थी। विधायक रामसहाय वर्मा ने पहले ही बजट में निवाई से डांगरथल व रंभा होते हुए बनवाड़ा तक सडक् निर्माण के लिए 22 करोड रुपए की लागत से रोड स्वीकृत करवाकर क्षेत्र के लोगों को उपहार दिया है। इससे दर्जनभर से अधिक गांवों की समस्या का निवारण हो जाएगा। विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि निवाई पीपलू विधानसभा क्षेत्र में विकास की कोई कमी नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेशभर में विकास किया जाएगा। इस दौरान विधायक वर्मा ने रोड की स्वीकृति देने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया। उन्होंने कहा कि जल्दी ही खणदेवत रोड पर सेंट्रल पार्क का निर्माण किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों ने माला, साफा पहनाकर स्मृति चिन्ह देकर विधायक का स्वागत किया। कार्यक्रम में नगर निगम पार्षद अंकित वर्मा, पूर्व सरपंच सूरजकिरण तिवाडी, रामदेव गुर्जर, रामावतार घाटी, रामप्रसाद शर्मा, गोविंद सिंह, गोपाल माली, फूलसिंह यादव, नाथूलाल चौधरी, गिरिराज गुर्जर, बाबूलाल मीणा, राजाराम कसाना, हेमराजशर्मा, पूर्व जिला परिषद सदस्य मंजू बलाई, सीताराम वर्मा, शंकर परिहार, किसान मोर्चा अध्यक्ष जगदीश लांगड़ी व महावीर सिंह सहित कई ग्रामीण और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# हरियाली अमावस्या पर झूला उत्सव का भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान





**जयपुर, (का.स.)।** श्री निंबार्क कृष्णा बिहारी जी भगवान के सेवाकुंज आश्रम, जगतपुरा में हरियाली अमावस्या के अवसर पर एक शानदार झूला महोत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन संत बाबा श्री कृष्णा शरण (कल्याण दास जी) महाराज की अगुवाई में सम्पन्न हुआ। उत्सव की शुरुआत शाम 4.00 बजे श्री राधा ब्रज चंद्र बिहार संकीर्तन मंडल, जयपुर द्वारा भव्य भजन संध्या के साथ हुई। मंडल ने अपने भक्तिपूर्ण भजनों से माहौल को आध्यात्मिक रूप से परिपूर्ण कर दिया। शाम 7.00 बजे भगवान को झूला झुलाए जाने की रस्म अदा की गई, जो भक्तों के लिए एक आध्यात्मिक अनुभव था। इसके बाद, रात 8.00 बजे आरती का आयोजन हुआ, जिसमें सभी भक्तों ने भगवान की महिमा का जयकारा किया। कार्यक्रम के समापन पर, सभी उपस्थित भक्तों को रात्रि के भोजन (प्रसादी) का आनंद लेने का अवसर मिला। यह प्रसादी देर रात तक वितरित की गई, और सभी ने इसे श्रद्धा और भक्ति के साथ ग्रहण किया। इस भव्य आयोजन ने सभी के दिलों में एक गहरी छाप छोड़ी और हरियाली अमावस्या के अवसर को विशेष और यादगार बना दिया।

# सीएम शर्मा ने किया नजर फोटो एग्जीबिशन के पोस्टर का विमोचन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर होने वाली 'नजर फोटो एग्जिबिशन' के पोस्टर का विमोचन किया। इस मौके पर विधायक शत्रुघ्न गौतम भी मौजूद रहे। पोस्टर का विमोचन करते हुए मुख्यमंत्री ने आयोजकों को शुभकामनाएं दी। एग्जीबिशन के आयोजक फोटो जर्नलिस्ट संजय कुमावत ने मुख्यमंत्री को बताया कि यह एक अनोखी प्रदर्शनी है और राजस्थान सबसे बड़ी एग्जिबिशन है। जिसमें 12 वर्ष के किशोर से लेकर 85 वर्ष के व्यक्ति भी हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि 23 से 25 अगस्त तक यह प्रदर्शनी जवाहर कला केंद्र की अलंकार गैलरी में आयोजित होगी। इसमें 250 से अधिक फोटोग्राफर की 350 से अधिक तस्वीरों का प्रदर्शन किया जाएगा। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम के दौरान राजस्थान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा विधायक शत्रुघ्न गौतम,मीडिया समन्वयक आनंद शर्मा,फोटो जर्नलिस्ट संजय कुमावत दिनेश भारद्वाज,राघव गोयल, सत्येन्द्र सिंह, डॉ कार्तिक सामरिया आदि मौजूद रहे। मुख्यमंत्री को एग्जीबिशन में उद्घाटन के लिए भी आमंत्रित किया।



## जैविक खेती का आगाज़ अब तुर्की व बहरीन जैसे अरब देशों में

# अब भारतीय जैविक उत्पादक किसान संघ के साथ अरब व खाड़ी देश अपनायेंगे भारतीय जैविक औषधीय खेती



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** दिनांक 04/08/2024 को जयपुर की श्री पिंजरापोल गौशाला स्थित जैविक वन औषधीय पार्क में भारतीय जैविक उत्पादक किसान संघ के तत्वाधान में जैविक औषधीय पादपों की व्यावसायिक खेती के विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया । इस अवसर पर भारतीय जैविक उत्पादक किसान संघ के अध्यक्ष डॉ0 अतुल गुप्ता ने देश विदेश से पधारे कृषकों को कृषि उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने बताया की मानव जीवन सृष्टि की एक अद्भुत देन है जिसको मूर्त रूप में और सुद्रण बनाने में आयुर्वेद का बुनियादी तौर पर अमूल्य योगदान रहा है । इस प्रकल्प को आगे देश विदेश तक फ़ैलाने के उद्देश्य से हमें जैविक औषधीय पादपों की खेती व्यापक रूप में करनी होगी। उन्होंने अमूल्य भारतीय जड़ी बूटियों के गुणों से सभी को अवगत करते हुए इस क्षेत्र में नए-नए उद्यमिता के माध्यम से समाज में रोजगार के नए अवसरों से भी सभी को अवगत कराया । दो दिवसीय सेमिनार में तुर्की से मौहम्मद शाहबुद्दीन जुनैद व मोहम्मद अब्दुल रहमान, हैदराबाद से सईद मोईनुद्दीन घोरी व अब्दुल रहमान, उत्तर प्रदेश से राजीव कुमार तथा मध्य प्रदेश से नमन दुबे ने जैविक खेती व उससे स्थापित होने वाले उद्योगों के बारे में बारीकी से सारी जानकारी हासिल की ।उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने अपने - अपने क्षेत्र व देश में जैविक खेती व सम्बंधित उच्च तकनीक के साथ उद्योग लगाने का भी वादा किया । इस अवसर पर सनराइज़ इम्पेक्स की डाइरेक्टर संगीता गौड़ ने भी उपस्थित प्रतिभागियों को जानकारी व अनुभव के आधार पर जैविक उद्योग के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल कराई ।

# दो बच्चों की पत्थर की खान में डूबने से मौत

## नहाने के लिए पानी में थे उतरे, किनारे पर रखे मिले कपड़े-चप्पल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** नहाने के लिए पहाड़ में बने खदान में गए दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई। हादसे की सूचना पर हरमाड़ा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर एसडीआरएफ की मदद से शवों को बाहर निकाला। शवों को कांवटिया अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया है। हादसे की जानकारी मिलने के बाद बच्चों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। पुलिस के अनुसार अनोखा गांव माचड़ा निवासी 11 वर्षीय अंशदीप उर्फ जीनू पुत्र दिलीप सिंह और 9 वर्षीय विद्या रविवार सुबह करीब 10 बजे घर से नहाने जाने की बात कहकर निकले थे। जब दोनों कई घंटों तक वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी खोज शुरू की। आस-पास के बच्चों से पूछने पर परिजनों को पता चला कि वे नींदड़ की पहाड़ी में नहाने गए है। इस पर परिजन उन्हें खोजते हुए वहां पर पहुंचे तो दोनों के कपड़े और चप्पल खान के बाहर पड़े मिले। इस पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। एसडीआरएफ की टीम ने गोताखोरों की मदद से बच्चों की तलाश की तो उनके शव मिले। शवों को बाहर निकालकर लाया गया। पुलिस ने दोनों शवों को कांवटिया अस्पताल में रखवाया है।

### तीन बच्चे और जाने वाले थे नहाने

थानाधिकारी दिलीप कुमार खदाव ने बताया कि विद्या मूलत: बिहार का रहने वाला है और दोनों बच्चों के पिता मजदूरी करते है। गांव के ही तीन ओर बच्चों के साथ नींदड़ मोड़ स्थित पत्थर खदान में भरे पानी में नहाने का प्लान बनाया था। लेकिन रास्ते में एक बच्चे के गिरने से चोट लग गई। इस पर तीन बच्चे वहीं रुक गए। अंशदीप और विद्या नहाने चले गए। दोनों नहाने उतरे थे लेकिन डूब गए। नींदड की पहाड़ी में 20-25 साल पहले खनन होता था। खनन के चलते यहां पर गहरे गड्ढे बन गए थे। वन विभाग की रोक के बाद खनन बंद हो गया। बारिश के दौरान इन खानों में पानी भर गया। घटना की जानकारी पौने चार बजे मिली थी। इस पर एसडीआरएफ टीम की मदद से खान में से बच्चों के शव बाहर निकाले गए। खदान करीब 12 फीट गहरे होने के कारण दोनों डूब गए।

# तेज रफ्तार कार ने कांवडिए को कुचला



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जेएलएन मार्ग पर एक तेज रफ्तार कार ने कांवड़िए को टक्कर मार दी। इससे उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। मामले की जांच दुर्घटना थाना पूर्व पुलिस कर रही है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालने के साथ एसयूवी की तलाश कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए जयपुरिया हॉस्पिटल के मुर्दाघर में रखवाया गया है।

एसआई वर्षा ने बताया कि रविवार सुबह करीब चार बजे एक कावडियों का जत्था जवाहर सर्किल की तरफ जा रहा था। रविवार अलसुबह करीब चार बजे एक तेज रफ्तार कार ने जेएलएन मार्ग पर कांवड़ ले जा रहे युवक को टक्कर मार दी। गाड़ी की टक्कर से युवक पहले बोनट पर गिरा। इसके बाद कार के नीचे आ गया। कार उसे करीब 70 मीटर तक घसीटती ले गई। वह गलता जी से जल भरकर चाकसू (जयपुर) जा रहा था।

# नगर निगम में सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर युवक से ठगे 5 लाख

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** नगर निगम में सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर एक युवक से पांच लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने घटना के सम्बंध में विधायकपुरी थाने में मामला दर्ज करवाया है। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल मुजफुर खान ने बताया कि इंदिरा गांधी नगर निवासी विवेक माथुर ने मामला दर्ज करवाया कि राजा माथुर ने स्वयं को सरकारी अधिकारी बताया। आरोपी ने नगर निगम में सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर उससे 10 लाख रुपए मांगे। इस पर पीड़ित ने आरोपी को 5 लाख रुपए दे दिए। रुपए लेने के बाद भी आरोपी ने उसे सरकारी नौकरी नहीं लगवाई। इस पर पीड़ित ने पुलिस थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया।

# 251 सामूहिक पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं महारुद्राभिषेक उप मुख्यमंत्री दिया ने किया समिति की स्मारिका 'शिवार्चना' का विमोचन

## सामूहिक अनुष्ठान में हरियाली अमावस्या पर भगवान शिव के साथ हुआ पितरों का भी विशेष पूजन

बड़ता राजस्थान



**जयपुर(का.स.)।** श्री शिव महापुराण कथा समिति के तत्वावधान में श्रावण मास की हरियाली अमावस्या को 17वां 251 सामूहिक पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं महारुद्राभिषेक का विशाल एवं अनूठा आयोजन संपन्न हुआ। अनुष्ठान में सम्मिलित हुई उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने समिति की सामरिक शिवार्चना का विमोचन किया। हरियाली अमावस्या पर संपन्न हुए अनुष्ठान में हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ, पितरों का विशेष पूजन और शिव नाटिका का मंचन भी हुआ।

समिति के महामंत्री अरुण खटोड़ ने बताया कि वर्ष 2008 से समिति प्रत्येक वर्ष सामूहिक पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं महारुद्राभिषेक का आयोजन करवाती आ रही है। इस वर्ष यह आयोजन श्रावण अमावस्या को किए जाने से पार्थिव शिवलिंग पूजन, प्राण-प्रतिष्ठा और महारुद्राभिषेक के साथ पितरों का भी विशेष पूजन किया गया। पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं महारुद्राभिषेक में भाग लेने वाले प्रत्येक यजमान दम्पति द्वारा अलग-अलग पार्थिव शिवलिंग अपने समक्ष रखकर सस्वर, सविधिक, बृहद रुद्र पाठ द्वारा शिव पूजन-अर्चन एवं अभिषेक किया गया। पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण प्रसिद्ध युवा मूर्तिकार राजेंद्र अर्जुन प्रजापति द्वारा किया गया। कार्यक्रम संयोजक मनोज पंसारी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत 4 अगस्त को अनंतम सफायर मैरिज गार्डन, राजावास, सीकर रोड़ हाइवे, जयपुर में हुई। रुद्राभिषेक के लिये लक्ष्मीनारायण चौधरी व प्रकाश सिंह गौरा परिवार के सहयोग से हरिद्वार से विशेष रूप से 20,000 लीटर गंगाजल का टैंकर उपलब्ध करवाया गया व कैलाश मानसरोवर, गलता एवं तीर्थराज पुष्कर का जल भी गंगाजल में सम्मलित किया गया।

**251 महिलाएं और 251 पुरुष हुए कलश यात्रा में शामिल :** कार्यक्रम के स्वागत अध्यक्ष किशन गोपाल कोड़िया ने बाताया की प्रात: साढ़े 8 बजे भव्य कलश-यात्रा रवाना होकर कार्यक्रम स्थल तक आई। कलश-यात्रा में डीजे की मधुर ध्वनियों एवं शिव भक्तों के जय घोष के साथ-साथ 251 महिलाएं अपने सिर पर कलश लेकर एवं 251 पुरुष अपने सिर पर पार्थिव शिवलिंग रखकर, विद्वान पंडित व भक्तजन भगवा झण्डे लहराते हुए घण्टे, घडियाल, शंख ध्वनि करते हुए, नाचते-गाते हुये 'अनंतम सफायर' मैरिज गार्डन में पहुँचे। समिति अध्यक्ष व महारुद्राभिषेक आचार्य सुरेश शास्त्री ने बताया कि पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं महारुद्राभिषेक में भाग लेने वाले प्रत्येक यजमान दम्पति द्वारा अलग-अलग पार्थिव शिवलिंग अपने समक्ष रखकर सस्वर, सविधिक, बृहद रुद्र पाठ द्वारा शिव पूजन-अर्चन एवं अभिषेक किया गया।

# तीन दोस्तों ने युवती से कार में किया सामूहिक दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मानसरोवर थाना इलाके में तीन दोस्तों द्वारा कार में युवती से सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। तीनों ने इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर जॉब लगाने के बहाने युवती को जयपुर बुलाया था। शराब पार्टी के बाद तीनों दोस्तों ने कार में जबरन सामूहिक दुष्कर्म किया।

जांच अधिकारी सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी मानसरोवर ) संजय शर्मा ने बताया कि नागौर निवासी 26 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया कि कुछ समय पहले इंस्टाग्राम पर उसकी दोस्ती जयदीप से हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी जयदीप ने उसे जॉब लगाने का झांसा दिया। जॉब लगाने के बहाने गुरुवार को जयपुर मिलने बुलाया। मानसरोवर के गुर्जर की थड़ी आने पर आरोपी जयदीप उसे स्विफ्ट कार में लेने आया। जयदीप के साथ कार में उसके दो दोस्त ओमवीर जाट और अभिषेक यादव बैठे थे। कार को इधर-उधर घुमाने के दौरान तीनों दोस्त शराब पार्टी करते रहे। कार रोकर उतारने की कहने पर तीनों आरोपियों ने गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपी अभिषेक ने उसको थप्पड़ मारे। डर-धमकाकर चुपचाप कार में बैठे रहने के लिए कहा।

कावेरी पथ और स्वर्ण पथ के बीच रोड किनारे कार को रोका। तीनों आरोपियों ने कार में डरा-धमकाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर गुर्जर की थड़ी छोड़कर चले गए। नागौर स्थित घर पहुंचने के बाद पीड़िता ने परिजनों को आपबीती सुनाई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अन्तराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन राजस्थान के बैनर तले व्रक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन

**वैश्य समाज एक कदम फिर से हरियाली की ओर**

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन राजस्थान द्वारा प्रधानमंत्री द्वारा चलायी गई मुहिम एक पेड़ माँ के नाम तहत दिनांक 04 अगस्त रविवार को राजस्थान विश्वविधालय के सामने प्राकर्तिक चिकित्सालय मे पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम मे विभिन्न समाजों के प्रभुत्त्वजनों के साथ साथ आई.वी.एफ राजस्थान की तिनों विंग के पदाधिकारियों ने प्रकर्ति को सुन्दर और स्वच्छ बनाने में स्वेच्छा से अपना योगदान दिया । प्रदेश प्रभारी ध्रुवदास अग्रवाल, संस्था अध्यक्ष एन.के.गुप्ता, महामंत्री गोपाल गुप्ता ने बतलाया संस्था द्वारा निरंतर समाज के उत्थान और विकास के कार्यो मे सहयोग किया जाता है, गत वर्ष भी संस्था की जिला ईकाईयो द्वारा लाखों की संख्या मे पौधे लगाये गये थे और इस वर्ष भी माननीय प्रधानमंत्री जी की मुहिम को ध्यान मे रखते हुये निरंतर पौधारोपण के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य रूप से कार्यक्रम में उपमहापौर पुनीत कार्नवाट, कमलबाबू जैन, रामबाबू सर्राफ, जे.डी.महेश्वरी, ज्योती खंडेलवाल, चारु गुप्ता, जुगल डेरेवाला, राधेश्याम विजयवर्गीय, ज्ञानचंद झांझरिया, ज्ञान गुप्ता,महेंद्र डेरेवाला, राधेश्याम गुप्ता, कुलभूषण बैराठी, केदारमल भाला, सुमन राठी समेत भारी संख्या मे महिलाओं ने भाग लिया ।

# एम्पुटेशन फ्री वर्ल्ड के उद्देश्य से मैराथन में जयपुर राइड्स ने दौड़कर एंप्यूटेशन फ्री वर्ल्ड का संदेश दिया

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर (का.स.)।** एम्पुटेशन फ्री वर्ल्ड के उद्देश्य से चार से पांच हजार जयपुर राइड्स ने मैराथन में दौड़ कर एंप्यूटेशन फ्री वर्ल्ड का संदेश दिया। मैराथन वैस्कुलर सोसाइटी की ओर से आयोजित की गई, जिसमें एपेक्स हॉस्पिटल , वंडर सीमेंट सहित अन्य संस्थाओं का सहयोग रहा। मैराथन के आयोजक अपेक्स हॉस्पिटल्स के एंडो वेस्कुअर सर्जन डॉ आदर्श काबरा, एपेक्स हॉस्पिटल ग्रुप के सेल्स हेड ऋतुराज सिंह, मुख्य अतिथि कारगिल योद्धा अनुज बिंद्रा, रानी माहेश्वरी समेत अन्य अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मैराथन महल रोड स्थित एनआरआई चौराहे से शुरू हुई जो अक्षय पात्र चौराहा के विभिन्न मार्गो से होते हुए पुन एनआरआई सर्किल पर सम्पन्न हुई मैराथन में इसमें 4 से 5 हजार लोग शामिल होकर एंप्यूटेशन फ्री वर्ल्ड का संदेश दिया । डॉ. काबरा ने बताया कि भारत में प्रतिवर्ष पांच लाख से अधिक 20 से 60 साल की आयु के लोगो को अपना पैर कटवाना पड़ता है, जिसका मुख्य कारण पैरो की धमनी में ब्लॉकेज हो जाता है । इसकी मुख्य वजह डायबिटीज ,धूम्रपान, अनहेल्दी लाइफस्टाइल, गागरिन एवं कैंसर है। उन्होंने बताया कि इस हाफ मैराथन का उद्देश्य सेव लिंब सेव लाइफ की जागरूकता को फैलाना है जिससे लोग अपना जीवन यापन विकलांगता के साथ नहीं सामान्य तरह जी सके।

# सरस माधुरी शरण महाराज का नीलमणि जन्म जयन्ती महोत्सव

## राधा सरस विहारी जू सरकार की सजी पुष्प श्रृगार झांकी, जन्म जयंती महोत्सव पर हुआ बधाई गान

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** सुभाष चौक स्थित श्री शुक सम्प्रदाय आचार्य पीठ श्री सरस निकुज में रविवार को श्री शुक सम्प्रदाय पीठाधीश बडे दादा गुरुदेव सरकार सरस माधुरी शरण महाराज के नीलमणि जन्म जयन्ती महोत्सव के उपलक्ष्य में बधाई गान हुआ। ठाकुर राधा सरस विहारी जू सरकार की पुष्प श्रृगार झांकी दर्शन कराए गए। श्रद्धालुओं ने पदावलियो का सामुहिक रूप से गायन किया। जन्म दिन उन्हीं का मनाने चले हैं जिनकी शरण में रह पले है....,

**बधाई बाजे सावन में घनघोर**
**सखी री आज हमारे आनन्द ....,**

अरी मेरे प्रगटे श्री महाराज सरस सुखदायी .... जैसे बधाई गान से सरस निकुंज गुंजायमान हो उठा। इसी क्रम बधाई पर जमकर उछाल की गई। श्री शुक सम्प्रदाय पीठाधीश अलबेली माधुरी शरण महाराज के सानिध्य में देर शाम तक उत्सव मनाया गया। श्री सरस परिकर के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि श्री सरस निकुंज में सिंजारा और तीज की तैयारी भी शुरू हो गई है।

## व्यंग्य

मुझे पूछ लिया मेरे विदेशी दोस्त ने
दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र
कैसे है देश तेरा दुब्बी
मैंने बताया उसे
ममता बंगाल में जीत कर
सब को हारा हुआ और
ख़ुद को जीत बता रही है ।
जीत कर कुछ सीट
एक राज्य की सबसे बड़ी जीत
समाजवादी बता रही है
उम्मीद नहीं थी
जिन्हें कुछ सीट भी जीतने की
वो जीत कर लगभग सौ सीटे
सबका नुमाइंदा ख़ुद को बता रही है।
केवल जीते है एक राज्य में
वो भी केवल चार सीट
वो राज्य का जनादेश
ख़ुद के लिए बता रही है ।
ख़त्म हुआ है वजूद उनका
जो ख़ुद को ही सब कुछ समझते थे
वो भी जीत मान रही है अपनी
दूसरे राज्य में
अपने साथियों की जीत में
हथकंडे सब किए
जेल से सत्ता भी चला रहे बस
इसलिए हार कर भी
जीत अपनी बता रहे है ।
सबसे बड़ी बात यह है कि
जिसे सत्ता सौंपी है जानता ने
उसे स्वीकार नही करके
उन्हें हारा हुआ बता रही है
बस यही सब बाते
मेरे लोकतंत्र को बड़ा बना रही है।

## कस्बे मे महिला घर से लापता, परिजनो ने थाने मे गुमशुदगी का मामला दर्ज करवाया

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स. )।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम काचरोदा के ढाणी नागान से शनिवार 3 अगस्त सांय काल को एक अधैड महिला अपने घर से निकल कर कही चली गई है। गुमशुदा महिला विमला शर्मा के पति रमेश शर्मा ने बताया की उनकी पत्नी ( 50 वर्ष )तथा वह मानसिक रूप से कमजोर है।पारिवारिक सदस्य अंशु शर्मा ने कहा कि अगर किसी को मिले तो वो 9928058503 नंबर पर सूचित करे। इस मामले मे गुमशुदा के परिजनो ने स्थानीय पुलिस थाने मे गुमशुदगी का मामला दर्ज करवाया है ।

# बारिश से रास्ते में भरा पानी, ग्रामीण परेशान, प्रशासन मौन

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( नि.स. )।** बानसूर के बाईपास से साथलपुर को जाने वाली मुख्य सड़क पर पानी भरा रहने से आने जाने वाले लोगों को पानी से होकर निकलना पड़ता है। जिसको लेकर कई बार अधिकारियों और पीडब्ल्यूडी विभाग से शिकायत की गई लेकिन पानी की निकासी को लेकर कोई ठोस समाधान नहीं किया गया। जिसका अंजाम स्कुली बच्चों, ग्रामीणों और वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीण रामगोपाल यादव ने बताया कि पिछले एक महिने से साथलपुर जाने वाली सड़क पर जगह जगह पानी भरा हुआ है। सड़क के दोनों तरफ़ खेत मालिकों ने पानी की निकासी को बंद कर दिया है जिससे सड़क पर पानी भरा रहता है। पानी भरा रहने से सड़क पूरी तरह से टूट चुकी है और जगह जगह खड्डे बन गए है। जिससे आए दिन वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो जाते है। उन्होंने बताया कि साथलपुर वाली सड़क कई गावों को जोड़ती है और बानसूर आने जानें के लिए ये ही एक मुख्य सड़क है। जिस पर रोजाना हजारों की संख्या में लोगों का आवागमन रहता है। पानी की निकासी और सड़क की मरम्मत के लिए कई बार अधिकारियो को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। पीडब्ल्यूडी विभाग के ऐईएन शेरसिंह मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को सड़क पर पानी की निकासी के लिए जेसीबी मशीन लगाई गई थीं।

लेकिन वहां पर कुछ खेत मालिकों ने इसका विरोध किया और सड़क का पानी खेतो में नही डालने का विरोध करने लग गए। कुछ जगह पर मिट्टी डालकर सड़क को सही कर दिया गया है। कुछ जगह पर ग्रामीणों के विरोध के चलते कार्य नहीं किया गया। सोमवार को पुलिस जाब्ते के साथ सड़क से पानी की निकासी का काम करवाया जायेगा और सड़क पर मिट्टी डलवा दी जायेगी।



# आदिवासी मीणा सेवा समिति प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान





**बानसूर ( नि.स. )।** नारायणपुर में रविवार को आदिवासी मीणा सेवा समिति वाल क्षेत्र की ओर से समाज की प्रतिभाओं का छठा सम्मान समारोह पुरुषोत्तम दास महाराज के मंदिर में आयोजित किया गया। जिसमें समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। इस दौरान समिति की ओर से सम्मान समारोह में पधारे सभी अतिथियों का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया गया। सम्मान समारोह में कक्षा 10 और 12 में 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक लाने वाले छात्र छात्राओं और सरकारी सेवा में चयनित प्रतिभाओं का प्रस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया।

समिति अध्यक्ष मातादीन मीणा ने बताया कि आदिवासी मीणा सेवा समिति वाल क्षेत्र की ओर से समाज की प्रतिभाओं के सम्मान समारोह में कक्षा 10 और 12 में 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल करने वाले 120 छात्र छात्राओं को प्रस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया और 50 सरकारी सेवा में चयनित कर्मचारियों और खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान थानागाजी विधायक कांति प्रसाद मीणा और उप ज़िला प्रमुख ललिता मीणा ने सम्मान समारोह में संबोधित करते हुए कहा कि अच्छी पढ़ाई कर समाज का नाम रोशन कर सकते है। उन्होंने युवाओं और विधार्थियो को प्रेरित करते हुए कहा की नशे से दूर रहकर पढ़ाई पर ध्यान दे। इस दौरान थानागाजी विधायक कांति प्रसाद मीणा, उप जिला प्रमुख ललिता मीणा, भागचंद मीणा (आरपीएस), एस आर मीणा (ज्वाइंट डायरेक्टर सामाजिक एवम् अधिकारिता विभाग), थाना प्रभारी शिंभू दयाल मीणा, अध्यक्ष मातादीनमीणा, बुधाराम,श्रवण, सीताराम सावर, मंगलेश कुंडली,अशोक, मुरारी, दिनेश, कमलेश,कालू पंच,सरदाराराम, रामजीलाल,राधे, कमलेश पीटीआई, सविता पीटीआई, सुशीला पीटीआई सहित समाज के लोग मौजुद रहे।

# फर्जी दस्तावेज तैयार कर जेडीए पट्टा प्राप्त कर बेचान करने वाली गैंग का डम्मी व्यक्ति गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. ) ।** रामनगरिया थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जेडीए पट्टा प्राप्त कर भूखंड बेचने गिरोह के एक शातिर बदमाश कैलाश शर्मा निवासी माधोगढ तुंगा जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि फर्जी दस्तावेज बना कर जेडीए पट्टा जारी करवाने में कई लोगो के नाम सामने आए है,जो गैंग के रूप में साथ मिलकर काम करते है। आरोपित ने पट्टा गिरवी रख कर सत्तर लाख रुपये भी प्राप्त किए और साथ ही आदतन अपराधी है। पुलिस ने आरोपित के पास से फर्जी दस्तावेज के आधार पर प्राप्त किए जेडीए पट्टे को भी जब्त किया गया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि आरोपित फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जेडीए पट्टा प्राप्त कर जेडीए पट्टे के आधार पर प्लॉट का बेच कर आमजन के साथ धोखाधड़ी करने वाले गैंग के रूप में काम करते है। जिनमें कुछ लोग ऐसे डम्मी व्यक्ति की तलाश करते है जो गरीब तबके का हो तथा जिसके आगे पीछे कोई नहीं हो। इस प्रकार गरीब तबके के व्यक्ति को चिन्हित कर उसके नाम से सोसायटी फर्जी दस्तावेज तैयार करते है। फर्जी दस्तावेज गैंग का एक सदस्य तैयार करता है। सोसायटी के फर्जी तरीके से तैयार किए गए दस्तावेजों के आधार पर जेडीए पट्टा बनवाने के लिए कुछ लोग सक्रिय रूप से जेडीए में संपर्क करते है तथा बड़ी चालाकी से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जेडीए पट्टा प्राप्त कर जेडीए पट्टे के आधार पर प्लॉट का बेच कर सदोष लाभ प्राप्त करते है। प्रकरण की वारदात करने वाली गैंग के सदस्यों ने आरोपित कैलाश शर्मा का डम्मी व्यक्ति के रूप में उपयोग करते हुए भूखण्ड का फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जेडीए पट्टा प्राप्त कर, जेडीए पट्टे को 70 लाख रुपये में गिरवी रख दिया। फर्जी दस्तावेज तैयार कर जेडीए पट्टा प्राप्त कर बैचान करने वाली गैंग का डम्मी व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। गैंग का मुख्य सरगना फरार चल रहे है,जिसकी तलाश की जा रही है। जिसकी तलाश जारी है।

# हजरत इमाम हुसैन की याद में लगाए घाट गेट कोविड़ कब्रिस्तान में वृक्षारोपण किया

## जिंदगी की हर खुशी पर एक वृक्ष जरूर लगाएं

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. ) ।** हर साल की तरह इस बार भी 'हु इज हुसैन'टीम की ओर से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन रखा गया ।इस कार्यक्रम में नया सवेरा संस्था टीम के मेंबर भी पहुंचे। टीम ने घाट गेट स्थित कॉविड कब्रिस्तान में वृक्षारोपण किया ।हु इज हुसैन जयपुर चैप्टर की अध्यक्ष कमीज़ हैदर रिज़्वी ने कहा की संस्था की तरफ से हर साल वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है पिछली बार हथरोई स्थित मंदिर परिसर में करीब 25 वृक्षारोपण किए गए थे जो आज हरे भरे लहराते हुए नजर आते हैं इस बार घाट गेट स्थित कब्रिस्तान जहां पर कोवीड के दौरान जिन लोगों की मृत्यु हुई थी दफन किया गया था वहां वृक्षारोपण किया गया ।नया सवेरा संस्था के अध्यक्ष सरफराज खान ने कहा की बढ़ती हुई ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए हर व्यक्ति को साल में कम से कम एक वृक्ष जरूर लगाना चाहिए आज पूरी पृथ्वी पर जिस तरह से तापमान बढ़ रहा है उसको दूर करने का सबसे बेहतरीन तरीका वृक्षारोपण है ।मुराद बीवी ने कहा अपने जन्मदिन या शादी की सालगिरह पर हर व्यक्ति को एक वृक्ष जरूर लगाना चाहिए ।इस मौके पर हु इज हुसैन टीम के सदस्यों के अलावा नया सवेरा संस्था के डॉक्टर नदीम और अब्दुल सलाम के अलावा आसपास के इलाके के कई लोग मौजूद रहे ।



# चोरों ने दुकान के गेट तोड़कर, किया हाथ साफ

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( नि.स. )।** उपखंड के निकटवर्ती ग्राम गिरुडी में चोरों ने एक दुकान का दरवाजा तोड़कर 99 कट्टे गेहूं ,10 कट्टे सौफ और इनवर्टर बैटरी चोरी कर ले गए। ग्रामीणों ने सुबह जब देखा तो दूकान का दरवाजा टूटा हुआ था। इसी दौरान आसपास के लोगों ने दूकान मालिक को फ़ोन कर सूचना दी तो दूकान के अंदर रखा सामान गायब मिला। घटना शुक्रवार की रात करीब 12 बजे की है। जिसको लेकर पीड़ित ने शनिवार की देर शाम बानसूर थाने में मामला दर्ज़ करवाया है। पीड़ित राजेन्द्र सिंह ने बताया कि गिरुडी बस स्टैंड पर दुकानें है। जिनमे एक दूकान में धर्म कांटा लगा हुआ है। जिसको लेकर शुक्रवार की शाम को दुकान बंद कर अपने घर चला गया। इसी दौरान पीछे से चोरों ने धर्म कांटे वाली दूकान का दरवाजा तोड़कर उसमें रखे 90 कट्टे गेहूं, 10 कट्टे सोफ और इनवर्टर बैटरी चोरी कर ले गए। शनिवार की सुबह पड़ोसी ने फ़ोन कर सूचना दी कि आपकी दूकान का दरवाजा टूटा हुआ है । इस दौरान दुकान पर जाकर देखा तो अंदर रखे गेहूं और सामान गायब मिला। उन्होंने बताया कि चोरी की घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसमे पांच युवक दुकान का गेट तोड़कर सामान डाल कर ले जाते हुए दिखाई दे रहे है। जिसको लेकर पीड़ित ने शनिवार की शाम को पुलिस में चोरी का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज़ कर सीसीटीवी के आधार पर चोरों का पता लगाने में जुटी हुई है।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर मे सैकड़ो रोगियो ने पाया स्वास्थ्य लाभ



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स. )।** कस्बे के जोबनेर रोड पर स्थित विप्र भवन मे एम एल स्पाइन हॉस्पिटल द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ । शिविर के मुख्य आतिथ्य पुर्व विधायक एवम भाजपा के राष्ट्रीय ओबीसी महामंत्री निर्मल कुमावत थे ।शिविर को संबोधित करते हुए कुमावत ने कहा कि ग्रामीण इलाको मे इस तरह के शिविर आयोजन करने से आम आदमी को आसानी से चिकित्सा लाभ मिलता है तथा ऐसे प्रयासों से आम जन मे जो स्पाइन की समस्या को लेकर जो भ्रम फैला होता हे वो दूर होकर इलाज संभव् हो जाता हे! कार्यक्रम मे उमेश गोटन , गजेंद्र सिंह् शेखावत, यतेंद्र जी झकड़ा, आशा सैनी , अभिषेक शर्मा, आदि जनसेवको ने कार्यक्रम मे भाग लेकर केम्प की तारीफ की!शिविर मे डॉक्टर मोहित कुमार ने स्पाइन और ऑर्थोपेडिक के सभी रोगियों को परामर्श दिया, साथही डॉ गौतम परीक, डॉ मुकुट , डॉ अभिमन्यु जैन केम्प मे जनरल फिजिशियन्, जनरल सर्जन, ओर फिजियोथेरेपी के डॉक्टर ने भी सभी रोगियों को निशुल्क परामर्श उपलब्ध करवाया, केम्प मे करीब 267 लोगो का रजिस्ट्रेशन हुआ ओर लाभ लिया, चिकित्सालय के डायरेक्टर डॉ मोहन लाल जी ने बताया की चिकित्सालय का उद्देश्य आम जन तक कम दाम मे स्वास्थ्य सेवाये उपलब्ध हो और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पहुंचना हे ओर उचित स्वास्थ्य व्यवस्थाएं उपलब्ध करवाना है।

## पुलिस ने गुम/चोरी हुए मोबाईलों को ट्रेस कर मोबाईल धारकों को किया सुपुर्द

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स. )।** स्थानीय पुलिस ने रविवार को कस्बे सहित आसपास के इलाको से चोरी हुये व गुम हुये छ:मोबाइल बरामद कर मोबाइल धारको को सुपुर्द किया । थानाअधिकारी बाबूलाल मीणा ने जानकारी देते हुये बताया कि जिले मे गुम/चोरी हुए मोबाईलों को ट्रेस आउट कर उनको उनके मालिक/मोबाईल धारकों को सुपुर्द करने के संबंध मे चलाये गयें विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) डां. हरिप्रसाद सोमानी के सुपरविजन व वृताधिकारी वृत सांभरलेक श्रीमति सारिका आरपीएस के निर्देशन में थानाधिकारी बाबुलाल उ.नि. थानाधिकारी के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। गठीत टीम द्वारा फुलेरा से चोरी/गुम हुए मोबाईलों को जयपुर, जयपुर ग्रामीण व झुंझुनू से ट्रेस आउट कर 06 मोबाईल बरामद कर मोबाईल धारकों को डिटेन कर मोबाईलों को किया सुपुर्द।

# अग्रवाल समाज समिति के चुनाव सम्पन्न, योगेश शरण बंसल बने अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** स्थानीय अग्रवाल समाज समिति कार्यकारिणी के चुनाव रविवार को स्थानीय अग्रसेन भवन में शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुये। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि कुल 3787 मतदाताओं में से 1863 मतदाताओं ने अपने अधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार कुल 49.19 प्रतिशत मतदान रहा। अध्यक्ष पद पर योगेश शरण बंसल ने 1035 मत प्राप्त कर शिम्भूदयाल को 260 मतों से पराजित किया। शिम्भूदयाल को कुल 775 मत प्राप्त हुये। उपाध्यक्ष पद पर कुलदीप बंसल ने 1109 मत प्राप्त कर कृष्ण चंद बंसल को 453 मतों से पराजित किया। कृष्ण चंद बंसल को कुल 656 मत प्राप्त हुये। इसी प्रकार महामंत्री पद पर नितेश कुमार ने 984 मत प्राप्त कर अशोक को 193 मतों से पराजित किया। अशोक को कुल 791 मत प्राप्त हुये। मंत्री पद पर प्रमोद कुमार एवं कोषाध्यक्ष पद पर नृसिंहदास पूर्व में ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके थे। सभी विजयी प्रत्याशियों को शपथ दिलाई गई। इस दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी काशीनाथ गुप्ता व किशन शरण बंसल मौजूद रहे। विजयी पदाधिकारियों का कस्बे के मुख्य मार्गो से विजय जुलूस निकाला गया। नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने श्री अग्रसेन सर्किल पर महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आर्शीवाद लिया। वहीं श्री कल्याण जी मंदिर, श्री अवध बिहारी मंदिर एवं श्रीराम भवन में प्रभु श्रीराम एवं ठाकुर जी के दर्शन कर आर्शीवाद भी ग्रहण किया।



## गरीब परिवार की बारिश बनी दुश्मन प्रशासन से लगाई मदद की गुहार



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (नि.स.)।** कस्बे के निकटवर्ती कल्याणपुरा ग्राम पंचायत के गुढा में पिछले दिनों हुई बारिश में एक गरीब परिवार का बारिश से कच्चा मकान ढह गया। मकान ढहने से परिवार के पास रहने के लिए अब जगह नहीं है। पीड़ित परिवार उसी घर में रहकर अपना गुजारा कर रहा है। मामला कल्याणपुरा ग्राम पंचायत के गुढा का है जहां दस दिन पहले हुई तेज बारिश में पूर्ण खान का कच्चा मकान गिर जाने से परिवार पर मुसीबत आ गई। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। परिवार में कोई कमाने वाला नहीं है। पुर्ण खान की तीन साल पहले मौत हो गई थी। उसके बाद उनकी पत्नी मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का लालन पालन कर रही है। उनके एक छोटा बेटा है। बारिश से कच्चा मकान गिर जाने से परिवार की हालात खराब है। पीड़ित परिवार ने विधायक देवीसिंह शेखावत,ग्राम पंचायत और प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। ग्राम पंचायत सरपंच हरफूल मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि परिवार का बारिश से कच्चा घर गिरने की सूचना अधिकारियों को सूचना दे दी गई है। पटवारी से रिपोर्ट तैयार करवाकर उच्च अधिकारियों को भेजी जायेगी और प्रधानमंत्री आवास योजना में परिवार नाम भेजकर परिवार की मदद करने के प्रयास किए।

# चाकसू में हड़ताल के चलते 4 दिन से राशन की दुकानें बंद, विधायक को दिया ज्ञापन, 5 अगस्त को कटोरे लेकर करेंगे प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**चाकसू ( गिरिराज प्रसाद शर्मा )।** 30 हजार मासिक मानदेय , 2 प्रतिशत छीजत की मांग को लेकर प्रदेश स्तरीय राशन विक्रेता संघर्ष समिति के आह्वान पर क्षेत्र के 90 राशन डीलर्स 4 दिन से हड़ताल पर है इन दिनों पूरी तरह राशन की दुकानें बंद है और वितरण व्यवस्था ठप्प है । वही 4 दिन से राशन की दुकानें के बंद रहने से खाद्य सामग्री के लिये उपभोक्ता चक्कर काटने को मजबूर है ओर अनाज व केयाईसी के लिये ईधर- उधर भटक रहे है। वही 5 अगस्त को जिला व तहसील मुख्यालय पर राशन डीलर्स हाथ मे कटोरे लेकर प्रदर्शन करेंगे जिससे उनकी मांग सरकार तक पहुंच सके। रविवार को चाकसू राशन डीलर्स ऐशोसिशन के अध्यक्ष हेमराज गुर्जर की अध्यक्षता में एक शिष्ट मण्डल क्षेत्रीय विधायक रामवतार बेरवा से मिला और एक लिखित में ज्ञापन सोपा जिसमे बताया कि विगत 2016 से पोस मशीन के नाम पर कटौती की जा रही जो आज तक भी जारी है हर डीलर्स से मशीन की कीमत से ज्यादा कई गुना राशि वसूल ली गयी है उसे वापस दिलवाया जाए व हर उचित मूल्य दुकानदार को 30 हजार मासिक वेतन व 2 प्रतिशत छीजत भी दिलवाई जाए और डीलर्स की मांग को मुख्यमंत्री तक भेजा जाए और विधानसभा में इस मुद्दे को जोर -शोर के साथ उठाया जाए । शिष्ट मण्डल में रहीश मोहम्मद , जगदीश गुर्जर , कजोड़मल गुप्ता , बद्री गुर्जर , गणेश शर्मा , सुरेन्द फौजी , वहीद मोहम्मद , ओमप्रकाश गुप्ता , शिवराज मीना , महेश शर्मा , सहित कई राशन डीलर्स मौजूद थे।





# गायत्री परिवार की एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न युवा आत्मीयता एवं संगठन विस्तार पर हुई चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में गायत्री परिवार के युवा संगठन दिव्य भारत युवा संघ (दिया )के द्वारा गायत्री शक्तिपीठ अलवर पर एक दिवसीय युवा आत्मीयता एवं संगठन विस्तार कार्यशाला का आयोजन रविवार को किया गया । जिसमें अलवर जिले की विभिन्न तहसीलों से लगभग 60 कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण लिया जिसमें लक्ष्मणगढ़ राजगढ़ मालाखेड़ा उमरैण व अलवर शहर के कार्यकर्ता सहित खैरथल-तिजारा जिले के भी सदस्य शामिल हुए। इस अवसर पर दिया राजस्थान के वरिष्ठ युवा कार्यकर्ता संदीप त्रिपाठी पृथ्वी नाथ एवं रामेश्वर सिंह तथा गायत्री शक्तिपीठ,अलवर की मुश्प्रश्ट्रस्टी डॉक्टर सरोज गुप्ता व सहायक प्रबंधक ट्रस्टी ममता गुप्ता ट्रस्टी शशि गुप्ता एवं कीर्ति शर्मा सहित जिला युवा प्रभारी जितेंद्र यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। ममता गुप्ता एवं कीर्ति शर्मा ने गुरु की छायाँ शरण जो पा गया का प्रज्ञा गीत सुनाया तत्पश्चात आए हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं गायत्री मंत्र का दुपट्टा प्रदान कर स्वागत किया गया। संदीप त्रिपाठी ने गायत्री परिवार के युवा संगठन को सक्रिय एवं मजबूती प्रदान करने के महत्वपूर्ण सूत्र दिए। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को आत्मीयता एवं सच्चे मार्गदर्शन की आवश्यकता है। जो की युगऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के बताए हुए मार्ग पर चलने से प्राप्त होगी। उन्होंने अपना दीपक आप बनो का भाव भरा संदेश दिया। पृथ्वीनाथ ने गायत्री परिवार के युवाओं को सप्त अभियानों से जुड़कर जन-जन तक युग निर्माण योजना व विचार क्रांति अभियान के सूत्र बाल संस्कारशाला,वृक्षारोपण, रक्तदान,नशा निवारण कार्यशाला, सामूहिक साधना,स्वाध्याय आदि को पहुंचाने पर जोर दिया। तथा रामेश्वर सिंह ने युवाओं को महाविद्यालय स्तर की भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा से जुड़ने का प्रशिक्षण दिया। अरुण गुप्ता ने युवाओं को युग निर्माण योजना का परिचय कराया। तथा जितेंद्र यादव जिला युवा प्रभारी ने गायत्री शक्तिपीठ अलवर के द्वारा अब तक किए गए सभी सेवा कार्यों एवं रचनात्मक कार्यों का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया अमित वशिष्ठ ने आर्थिक अनुशासन पर वक्तव्य दिए । मुकेश गुप्ता ने नई दिया टीम के गठन का संकल्प कराया , अजय ठाकुर ने कार्यशाला का सार-संक्षेप कर आभार प्रकट किया ,ममता गुप्ता ने शांति पाठ कराकर कार्यशाला का समापन कराया।तथा साथ में शक्तिपीठ पर एक पौधा रोपित किया गया तथा अगली कार्यशाला खैरथल-तिजारा जिले में आयोजित करने पर चर्चा हुई।

# भामाशाह अभिनन्दन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** सेवा भारती समिति द्वारा बसंत प्रभु आदर्श विद्या मंदिर कोटपूतली ब्लॉक के सरकारी स्कूलों के कक्षा 10 व 12 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं का भव्य सम्मान एवं भामाशाह अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य वक्ता राष्ट्रीय सेवा भारती के अखिल भारतीय प्रकासन प्रमुख मूलचंद जी सोनी रहे। वही उपाध्यक्ष रमेश चंद जी बंसल किताब वाले , वासुदेव जी गुप्ता पूर्व प्राचार्य एवं समाजसेवी बनवारी लाल बसानीवाल भामाशाह विशिष्ट अतिथि रहे। मंच संचालन जिला सह मंत्री ताराचंद सैनी विराटनगर वालों ने किया।दीप प्रज्वलन मंत्र ,संगठन मंत्र महाराणा प्रताप बाल संस्कार केंद्र के बालक बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा बालक बालिकाओं को दुपट्टा पहनाकर, प्रमाण पत्र देकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया वहीं बालक बालिकाओं के साथ आए अभिभावक को और उनके शिक्षकों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया वहीं कार्यक्रम में कैलाश आचार्य और उनकी टीम द्वारा भव्य देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मूलचंद सोनी राष्ट्रीय सेवा भारती के अखिल भारतीय प्रकाशन प्रमुख ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा की सेवा भारती का कार्य अपेक्षित वंचित पीड़ित वर्गों की सेवा करना है शिक्षा स्वास्थ्य स्वावलंबन ,सामाजिक एवं के अनेक प्रकल्प चलाकर इस वर्ग की सेवा करने का काम कार्यकर्ता करते है । सेवा भारती के प्रांत सह मंत्री गोयल ने कार्यक्रम की प्रस्तावना एवं रूपरेखा प्रस्तुत की ।कार्यक्रम में 62 छात्राएं एवं 8 छात्रों सहित कुल 70 विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।वही कुल 35 ग्रामो से विद्यार्थी आए जिसमें अहिल्याबाई होलकर निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र के 10 प्रशिक्षित लोगों का सम्मान दिया गया साथ ही 10 भामाशाह का सम्मान किया गया एवम 13 स्थानीय संघ कोटपूतली के स्काउट गाइड के बालकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर राजेंद्र शर्मा अध्यक्ष बानसूर , जिला मंत्री महेश कुमार सैनी ,सह जिला मंत्री संजय गर्ग बानसूर , राकेश रोहिल्ला तहसील मंत्री बानसूर रतन लाल मोरीजावाला जिला सह कोषाध्यक्ष ,सुरेंद्र बालास्या जिला कोषाध्यक्ष, विजय कुमार आर्य नगर सह मंत्री, रामकिशोर सैनी जिला शिक्षा आयाम प्रमुख ,रतनलाल सैनी नारेहडा तहसील मंत्री,नागरमल अग्रवाल जिला सामाजिक आयाम प्रमुख , सुरेश चंद मीणा नगर उपाध्यक्ष ,सीताराम गुप्ता जिला प्रचार प्रमुख , भूपेंद्र सोनी जिला स्वास्थ्य आयाम प्रमुख बीना सोनी जिला सह मंत्री पूरण चौहान नगर शिक्षा आयाम प्रमुख,रामवीर यादव , रजनी सैनी , कमलेश कुम्हार सहित अनेक अभिभावक प्रधानाचार्य सहित बालक बालिकाएं मौजूद रहे।

# पेड़ पौधे प्रकृति का श्रंगार अधिकाधिक पौधे लगाकर धरती माता को हरी भरी बनाएं : राजेश शर्मा

## राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने रोपे पौधे

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने श्रावण मास की हरियाली अमावस्या के पावन मौके पर सार्वजनिक स्थानों पर पौधरोपण कर उनके बड़े होने तक देखभाल की जिम्मेदारी ली। संघ के प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने अचलेश्वर महादेव जी मंदिर ,सर्किट हाउस परिसर में बेलपत्र के पौधे लगाए गए। संघ के पदाधिकारियों ने महादेव जी के दर्शन कर आपसी भाईचारे खुशहाली की कामना करते हुए हरियाली अमावस्या की बधाई दी। इस दौरान प्रांतीय महामंत्री राजेश शर्मा ने कहा कि पेड़ पौधे प्रकृति का श्रृंगार होते हैं। पेड़ पौधों से सदैव हमारी धरती माता



हरी-भरी बनी रहे इसीलिए सभी छात्रों शिक्षकों व आमजन को वर्षा ऋतु में अपने घरों एवं सार्वजनिक स्थानों पर एक एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। जिलाध्यक्ष हरीसिंह गुर्जर ने बताया कि मंदिर पर आने वाले दर्शनार्थियों को आगामी समय में बेलपत्र के पत्ते व पुष्प मिल सके इसके लिए हरियाली के साथ पूजा में काम आने वाले पौधे लगाए गए। उन्होंने कहा कि लगाए गए पौधों की संघ के पदाधिकारियों की ओर से नियमित पानी ,गुड़ाई के साथ देखभाल की जाएगी। संघ के उपाध्यक्ष अवधेश सारस्वत ने कहा कि पेड़ पौधों से हमें प्राणवायु मिलती है।जिस क्षेत्र में अधिक पेड़ पौधे होते हैं वहां अच्छी वर्षा भी होती है। उन्होंने कहा कि पौधे लगाकर अपनी संतान की तरह ही बढ़े होने तक उनकी देखभाल करनी चाहिए। जिलामंत्री चंद्रशेखर शर्मा ने कहा कि पिछले सालों में पेड़ों की लगातार अंधाधुंध कटाई होने से पर्यावरण असंतुलित होता जा रहा है। इसलिए जरूरत इस बात की है कि हम अधिकाधिक पौधे रोपकर उनकी देखभाल कर पृथ्वी को हरा भरा बनाएं। उपाध्यक्ष केदार बघेल ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए पौधरोपण बेहद जरूरी है । जीव जंतुओं सहित प्राणी मात्र के जीवन रक्षा के लिए भी पेड़ पौधे बेहद आवश्यक है। इस दौरान बालकिशन शर्मा, मनोज मीणा, सुरेश गोस्वामी, अलिंद चौहान सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** सेवा भारती समिति जिला अलवर के प्रचार मंत्री प्रशांत बिंदल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सेवा भारती समिति अलवर के द्वारा जिला अध्यक्ष अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 4 अगस्त 2024 को स्थान आदर्श विद्या मंदिर स्कूल प्रांगण अलवर में किया गया जिसमें सरकारी विद्यालयों में अध्यनरत दसवीं व 12वीं के टॉपर छात्र एवं छात्राओं व राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले तकरीबन 70 छात्र-छात्राओं का प्रतिभा सम्मान सेवा भारतीय समिति अलवर द्वारा किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्ण कुमार गुप्ता



विभाग संघचालक ने की मुख्य वक्ता नरेंद्र भारत विभाग प्रचारक अलवर विशेष अतिथि गिरधारी लाल शर्मा प्रांत मंत्री सेवा भारती मंच का संचालन डॉक्टर अजय वर्मा उपाध्यक्ष सेवा भारती समिति अलवर कार्यक्रम के संयोजक राजेंद्र गुप्ता कोषाध्यक्ष सेवा भारती समिति अलवर के द्वारा किया गया कार्यक्रम में छात्राओं के परिजनों के अलावा शहर के गणमान्य लोग मनीष गुप्ता, कमल गुप्ता, मनीष बंसल, शैलेंद्र सिंह, ममता त्यागी, डॉक्टर नरोत्तम लाल, ताराचंद सैनी व सेवा भारती समिति के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम मैं पधारे हुए सभी आगंतुकों का सेवा भारती जिला मंत्री राजन मल्होत्रा द्वारा हार्दिक आभार व धन्यवाद प्रकट किया गया।

# एहसास के पल पुस्तक का विमोचन




बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** शनिवार को राजदीप अकादमी, नयाबास, अलवर में अखिल भारतीय साहित्य परिषद, अलवर द्वारा आयोजित गुरु पूर्णिमा उत्सव एवम् साहित्यकार सम्मान समारोह में अलवर जिले के साहित्यकारों का सम्मान किया गया और अलवर जिले के उभरते कवि एवम् साहित्यकार विनय मोहन शर्मा के काव्य संग्रह ' एहसास के पल' का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर विनय मोहन शर्मा को दुपट्टा और माला पहनाकर उनको सम्मानित भी किया गया।

# महाराजा अनंगपाल सिहँ की जयंती एवं समारोह धूमधाम से मनाया गया



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )।** महाराजा अनंगपाल सिहँ तौमर जयंती समारोह तँवरावाटी राजपुत समाज द्वारा राजपाल सिंह की अध्यक्षता में ग्राम-कायमपुरा बास मे मनाया गया जिसमें बड़ी संख्या में समाज की युवा एवं महिलाओं ने हिस्सा लिया तँवरावाटी राजपूत समाज के द्वारा अनंगपाल सिहँ की जीवनी पर प्रकाश डाला गया व समाज की एकता पर बल दिया गया एवं समाज के गरीब लड़कियों की शादी में सहयोग करने का निर्णय भी लिया गया और दहेज न लेने का संकल्प लिया,इस दौरान अगली मासिक मीटिंग केशवाना गांव में करने का फैसला लिया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान विक्रम सिंह,रघुवीर सिंह सूबेदार,ओमसिंह,पूरन सिंह,वीरेंद्र सिंह, राजपाल सिंह,करण सिंह,संतु सिंह,राजेंद्र सिंह,दौलत सिंह,कृष्ण सिंह, बलबीर सिंह, गोपाल सिंह,छाजु सिंह , अशोक सिंह, सुरेंद्र सिंह राजकुमार सिंह, नेहपाल सिंह,रामपाल सिंह, सुरेश सिंह,सहित समाज के अनेक गण मान्य लोग उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# विद्यालयों में शिक्षकों के अभाव को लेकर यूजीसी छात्र ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## कैसे बढ़ेगा विद्यार्थियों में शिक्षा का प्रभाव, जब विद्यालयों में शिक्षकों का है अभाव

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** राजाखेड़ा उपखंड के शहरी क्षेत्र में पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं बालिकाओं के लिए राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय संचालित है।जिन दोनों विद्यालयों में शहरी क्षेत्र के लगभग 1500 के करीब छात्र छात्रा अध्ययन करते हैं। इन विद्यालयों में व्यवस्थाओं की बात तो दूर शैक्षणिक गतिविधि चलाने के लिए शिक्षकों का इतना अभाव है की जिससे विधार्थियों में शिक्षा का कोई भी प्रभाव ही नहीं है।शिक्षकों के अभाव को लेकर दोनों सरकारी विद्यालयों के विधार्थियों ने यूजीसी छात्र राजदूत लव सिंह राठौड़ दिल्ली विश्वविधालय के नेतृत्व में जिला कलेक्टर श्री निधी बीटी को ज्ञापन सौंपा है।यूजीसी छात्र राजदूत लव सिंह राठौड़ ने ज्ञापन बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय में प्रिंसिपल एवं वाइस प्रिंसिपल सहित अन्य पद रिक्त पड़े हैं प्राध्यापकों के 15



पद स्वीकृत हैं जिसमे 8खाली हैं वरिष्ठ अध्यापकों के 5 पदों में से मात्र एक भरा हुआ है। लेवल दो में 2 पद रिक्त हैं इसी तरह से लेवल एक में 17 पदों में से 6 रिक्त हैं।राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय में 29 पद स्वीकृत है जिसमें से बाइस प्रिंसिपल पद सहित अन्य पद रिक्त हैं और प्राध्यापकों के 5 पदों में से मात्र 1 पद पर ही प्राध्यापक कार्यरत है। वरिष्ठ अध्यापक के चार पदों में से दो रिक्त हैं लेवल दो में तीन पद में 1रिक्त है लेवल एक में पांच पद स्वीकृत हैं जिसमें में 1 पद रिक्त हैं इस प्रकार विधालय में शिक्षकों का इतना अभाव होने से दिनों दिन शिक्षा स्तर गिरता जा रहा है।शिक्षा की गुणवत्ता में भी कमी आ रही है शैक्षणिक कार्य भी बिलकुल ठप नजर आ रहा है जिससे विधार्थियों का अध्यापन कार्य नहीं हो पा रहा है। विद्यार्थियों के शैक्षणिक जीवन में शिक्षा का स्तर गिरकर अपने चरम पर पहुंचने वाला है।जिला कलेक्टर श्री निधी बीटी ने आश्वाशन देते हुए कहा की जल्द जल्द शिक्षकों की कमी को पूरा करके अध्यापन कार्य को पूरा करवाया जायेगा।

# चंबल नदी का जलस्तर 125.90 मीटर पहुंचा : प्रशासन ने की निगरानी शुरू, गांव में पहुंचने लगे मगरमच्छ

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिले से गुजरने वाली चंबल नदी का जलस्तर बढ़ने लगा है। हाड़ौती और मध्य प्रदेश में हो रही बारिश की वजह से चंबल नदी के जलस्तर में इजाफा देखा जा रहा है। चंबल नदी में पानी की आवक होने के कारण जलीय जीव गांवों में पहुंचने लगे हैं। राजाखेड़ा से सटे उत्तर प्रदेश के आगरा जिले की परजापुरा गांव में एक मगरमच्छ नदी से निकलकर पहुंच गया। जिसे रेस्क्यू करने के बाद वापस चंबल नदी में छोड़ दिया गया। चंबल नदी में जल का स्तर बढ़ने से प्रशासन लगातार निगरानी बनाए हुए है। वर्तमान समय में चंबल नदी का जलस्तर करीब 125.90 मीटर तक पहुंच चुका है। चंबल नदी में खतरे का निशान 129.79 मीटर है। जिस अनुपात में पानी की आवक हो रही है, उससे प्रशासन अलर्ट हो गया है। चंबल नदी में बढ़ते पानी को लेकर प्रशासन ने एडवाइजरी जारी करते हुए चंबल नदी के आसपास बसे गांव के ग्रामीणों को सतर्क रहने की नसीहत दी है। इसके अलावा संबंधित हल्का पटवारी, गिरदावर, ग्राम सचिव सरपंच आदि को हेडक्वार्टर पर पाबंद रहने के लिए निर्देशित किया गया है। चंबल नदी पर हर घंटे गैज मेंटेन किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा जारी की गई एडवाइजरी में



आपदा प्रबंधन को अलर्ट रहने के निर्देश देते हुए एसडीआरएफ की भी कई टीमें तैनात की गई हैं। हालांकि धौलपुर जिले में बारिश का असर अभी कम देखा जा रहा है। मध्य प्रदेश और हाड़ौती क्षेत्र में हो रही बारिश के पानी की आवक चंबल नदी में देखी जा रही है।

# पदोन्नति पर हुआ कमल सिंह का भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** कृषि उपज मंडी समिति धौलपुर मे कार्यरत कमल सिंह को गुरुवार को राज्य सरकार की ओर से जारी सूची मे पदोन्नत किया। पदोन्नत होने के बाद जिले मे कमल सिंह के चाहने वाले मे खुशी की लहर बन गई जिसपर लोगो द्वारा उनके जगह-जगह पर स्वागत किया गया,इस अवसर विभाग द्वारा शुक्रवार को सचिव कैलाश चंद मीणा,गिर्राज मीणा,शिवकुमार सिंघल,सरपंच राजेश सिकरवार,पूनम जाट,विनोद रावत दीनदयाल कोली,रविंद्र बधेला हर्ष,योगेंद्र सिंह मावई,पदम चंद आदि लोगो ने कमल सिंह को



माला पहनाकर नवीन पद की बधाई दी, इसी अवसर पर बाड़ी कृषि उपज मंडी के व्यापारियों द्वारा कमल सिंह को नवीन पद पर्यवेक्षक बनने पर बधाई दी तथा पार्षदों एवं नगरिक बधुओं द्वारा कमल सिंह को माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर बाड़ी मे मुकेश पार्षद,भीकम सिंह,अध्यापक श्रीराम,अध्यापक सोवरन सिंह,अध्यापक अनार सिंह,माखन सिंह मीणा पुलिस मुख्यालय जयपुर,भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश गर्ग,व्यापारी अशोक चौधरी,रामबाबू सदर थाना ,रन सिंह गब्बर सिंह कान्हा शर्मा खिदरपुर वाले,सोमेंद्र मंगल,प्रभाती मीणा,विजय सिंह,योगेंद्र सिंह ओमवीर चौधरी,पूरन सिंह,राजेश,जोगेंद्र,शिवम शाक्य,गब्बर सिंह,मीरा पार्षद,नरेंद्र सिंह,भरत किशन,नरेंद्र सिंह,जसवंत सिंह,भोले सिंह सत्यम,पोप सिंह,अदि लोगो ने स्वागत किया।

# हरियाली अमावस्या पर शमशान घाट, एवं रतन सागर बगीची पर किया पौधारोपण

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** कस्बे के नागजी गौर स्थित हरियाली अमावस्या के दिन पर शमशान घाट एवं रतन सागर बगीची पर समाजसेवी शाई राधेश्याम प्रजापति, सुरेश चंद सैनी, रमेश मीणा, राधेश्याम सैनी, एडवोकेट राजकुमार मीणा एवं सामाजिक कार्यकर्ता राजेश प्रजापति पूतली द्वारा पौधारोपण किया गया माना जाता है कि पीपल का पेड़ लगाने वाले व्यक्ति के जीवन में किसी भी प्रकार का संकट नहीं आता सनातन धर्म में ऐसे कई पेड़ पौधे हैं, जिन्हें बेहद पवित्र और पूजनीय माना जाता है. इन्हीं में से एक है पीपल का पेड़.पीपल का वृक्ष लगाने से क्या होता है।माना जाता है कि पीपल का पेड़ लगाने वाले व्यक्ति के जीवन में किसी भी प्रकार का संकट नहीं आता. सनातन धर्म में ऐसे कई पेड़ पौधे हैं, जिन्हें बेहद पवित्र और पूजनीय माना जाता है।

### के.पाटन से लेकर लाखेरी तक बिरला का हुआ भव्य स्वागत

# जनता की आशा के अनुरूप करेंगे क्षेत्र का समुचित विकास : बिरला

बढ़ता राजस्थान






**बून्दी, (नि.स.)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला रविवार को केशवराय पाटन विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे। लोकसभा अध्यक्ष के रूप में पुनः जिम्मेदारी मिलने के बाद पहली बार के.पाटन क्षेत्र में आए स्पीकर बिरला का कार्यकर्ताओं और कई समाजिक संस्थाओं और संगठनों की ओर से भव्य स्वागत किया गया। जिले के सीन्ता से शुरू हुआ स्वागत का क्रम केशवराय पाटन, कापरेन से लेकर लाखेरी तक ऐसा चला कि महज डेढ़ किमी की दूरी तय करने में 10 घंटे से अधिक लग गए। जहां-जहां से बिरला का काफिला निकला वहां स्वागत के लिए लोग उमड़ते रहे। पाटन और कापरेन में काफिला रोड शो में तब्दील हो गया, बिरला ने भी प्रत्येक व्यक्ति का अभिवादन स्वीकार किया।

स्पीकर बिरला ने कहा कि आपने मुझे एक बार फिर सेवा का अवसर दिया है, मैं इसमें कोई कमी नहीं छोड़ूगा। लोकसभा अध्यक्ष के रूप में मुझे जो जिम्मेदारी मिली है, वो ओम बिरला का नहीं बल्कि मेरे कोटा बून्दी के परिवारजनों का सम्मान है। बिरला ने इस दौरान केशवरायपाटन नगर पालिका में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह हमारी माता बच्चे का पालन पोषण करती है, उसी तरह यह धरती माता भी हमारा पोषण करती है। इस विचार के साथ हम सब अपनी माँ के नाम पर एक पेड़ जरूर लगाएं, अनमोल प्रकृति को और अधिक समृद्ध बनाने में अपना योगदान दे।

**वंचित वर्ग का उत्थान प्राथमिकता :** बिरला ने कार्यकर्ताओं से कहा है हमें बड़ी जिम्मेदारी मिली है। हमारा संकल्प होना चाहिए कि हम लोगों के जीवन में खुशियां लाएं, अपने प्रयासों से उनका जीवन बेहतर बनाएं। वंचित वर्ग के उत्थान के लिए संवेदनशीलता और सामूहिकता से प्रयास करें। बिरला ने कहा कि केंद्र और राज्य में एक दल की सरकार है। हम मिलकर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास तथा समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण की भावना के साथ कार्य करेंगे।

**भगवान केशवराय का लिया आशीर्वाद :** बिरला ने केशवरायपाटन स्थित केशवराय जी मंदिर में भगवान केशव राय जी के दर्शन कर पूजा अर्चना की और क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। बिरला ने कहा कि स्वदेश दर्शन योजना के तहत जल्दी ही यहां निर्माण कार्य शुरू करवाएंगे। मां चम्बल के किनारे इस ऐतिहासिक मंदिर के परिक्षेत्र के पुनर्विकास के बाद केशवराय पाटन नगर आध्यात्मिक-धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केन्द्र बनकर उभरेगा। इस दौरान पूर्व विधायक बूंदी अशोक डोगरा, पूर्व मंत्री बाबूलाल वर्मा, पूर्व विधायक के पतन चंद्रकांता मेघवाल, जिला अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष छीत्रलाल राणा, के पतन प्रधान वीरेंद्र हाड़ा,तालेड़ा प्रधान राजेश रायपुरिया, नैनवा प्रधान पदम नागर, के. पाटन मंडल गौरव मलिक, पूर्व मंडल अध्यक्ष योगेंद्र श्रृंगी, जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा, जिला पुलिस अधीक्षक अनुमान प्रसाद, उप जिला अधीक्षक उमा शर्मा, केपाटन नगर पालिका उपाध्यक्ष राजविन्ता गुर्जर , नेता राकेश बोयत,एसडीएम तालेडा एच डी सिंह सहित जनप्रतिनिधि,अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## श्रावणी अमावस्या पर स्वर्ण झूले में विराजे प्रभु, दो बार हुए हिंदोला मनोरथ के दर्शन

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** शुद्ध अद्वैत प्रथम पीठ श्री बड़े मथुराधीश मंदिर पर श्रावणी अमावस्या पर रविवार को प्रभु सुनहरी झूले में विराजे। प्रभु निज तिबारी से बाहर आए और चौक में हिंदोला मनोरथ के दो बार दर्शन हुए। काष्ठ पर सोने की कलई वाले झूले में शयन में ठाकुर जी आकर्षक लग रहे थे। हरे बूटे वाली पिछवाई लगाई गई थी। चौक पर हरे पत्तों की सजावट की गई। मुख्य द्वार को हरे पत्तों के तोरण से सजाया गया। ठाकुर जी में सभी साज, वस्त्र, पिछवाई, खंड पाट, गादी, तकिया, ठाड़ा वस्त्र, पाग, पिछौड़ा सब हरे मलमल के थे।

प्रथम पीठ युवराज गोस्वामी मिलन बावा ने बताया कि आज श्री हरि अपने विरहकुल भक्त के विरह तप को कम करने के लिए मथुरा से व्रज निकुंज में हिंडोलना में झूलने आए थे। इसलिए आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है। क्योंकि महाप्रभु ने विरह व्याकुल की रक्षा की और निसाधन बेसहारा जीवों की सेवा की जो प्रभु के अभाव में बहुत दुखी थे। मिलन बावा ने बताया कि मंदिर पर 22 अगस्त तक हिंदोला महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। मनोरथ के दौरान प्रभु का आकर्षक भारी श्रृंगार किया जा रहा है। आकर्षक झूले में विराजमान कर पुष्टिमार्गीय परंपरा के अनुसार प्रभु के बाल स्वरुप को लाड़ लड़ाते हुए पलना दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को दोज पर भी हिंडोला मनोरथ के दो बार दर्शन होंगे। प्रभु फूलों से सज्जित हिंडोले में विराजेंगे। इस दौरान शाम 5.30 बजे तथा 7 बजे मनोरथ के दर्शन होंगे।

### डिप्रेशन के विषय में जागरूकता वर्कशॉप आयोजित

## मानसिक स्वास्थ्य सुधार संभव है और इसकी शुरूआत जागरूक होने से होती है : डॉ. नीना विजयवर्गीय

### अफिनिटी हॉस्पिटल की ओर से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जागृति फैलाने के प्रयास निरंतर जारी

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** अवसाद/डिप्रेशन के विषय में जागृति पैदा करने के लिए अफिनिटी हॉस्पिटल, तलवंडी चौराहा, कोटा द्वारा रविवार को एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप में सभी को मानसिक विकार, डिप्रेशन के बारे में जानकारी दी गई, जिसमें डिप्रेशन के लक्षण, प्रकार, परीक्षण, उपचार, इससे जुड़ी गलतफहमियों और तथ्यों आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। इस वर्कशॉप के दौरान हाड़ौती क्षेत्र के मरीज, उनके परिजन, आमजन और हॉस्पिटल स्टाफ मौजूद रहे। वर्तमान परिवेश में बढ़ते तनाव को कम करने और उसका सामना करने के उपाय भी वर्कशॉप में बताए गए।

डॉ. नीना विजयवर्गीय, मनोचिकित्सक एवं काउंसलर, एमबीबीएस, डीपीएम (साइकेट्री),एमआईपीएस, ने बताया कि अस्पताल में विषेशज्ञों की एक टीम लोगों को मानसिक स्वास्थ्य और मानसिक रोगों के प्रति निरंतर जागरूक कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि हम जागरूक रहेंगे तभी मानसिक स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का सामना कर सकते हैं और किसी अन्य पीड़ित की मदद भी कर सकते हैं। इसी जागरूकता को बढ़ाने के लिए प्रत्येक रविवार वर्कशॉप का आयोजन किया जाता है एवं लोगों की सहायता के लिए अफिनिटी हॉस्पिटल, कोटा द्वारा एक टॉल फ्री नंबर भी (18008906996) जारी किया गया है, जो की हर समय (24 घण्टे) चालू रहता है, जिसके द्वारा अधिक संख्या में लोगों को उनकी मानसिक स्वास्थ्य संबंधित परेशानियों को हल करने में मदद मिल सकती है।

इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में कैंप लगाकर भी लोगों को मानसिक रोग व उपचार के बारे में जानकारी दी जा रही है, यह कार्यक्रम आगे भी निरंतर जारी रहेगा। यदि किसी को भी लगता है कि उनके परिवार में या परिचित को मानसिक रोग है और वह संकोच किए बिना शीघ्र ही मानसिक रोग विशेषज्ञ से सम्पर्क करें और समय रहते उपचार प्राप्त करें। डॉ. नीना विजय ने बताया कि बच्चों से लेकर वृद्ध सभी मानसिक रोग की चपेट में आ रहे हैं, जिनका उपचार समय पर किया जाना बेहद आवश्यक होता है।

## संत व प्रकृति निःस्वार्थ परोपकारी : प्रभाकर साहेब

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** सद्गुरु चेतन देव स्मृति दिवस व हरियाली अमावस्या के अवसर पर कबीर पारख संस्थान विनोबाभावे नगर में कबीर सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग में प्रवचन देते हुए राष्ट्रीय संत प्रभाकर साहेब ने कहा कि संत व प्रकृति में एक समानता है कि ये बिना किसी स्वार्थ के परोपकार का कार्य करते हैं। जो भी इन दोनों की सेवा व सुरक्षा करता है वह जीवन में अमूल्य निधि पाता है। प्रकृति की सेवा से परिवेश सुधरता है और संत की सेवा से राग द्वेष व क्लैश मिट जाते हैं। उन्होंने कहा कि पारखी संत विशाल देव के प्रमुख शिष्य सद्गुरु चेतन साहेब उच्च कोटि के संत थे, जिन्होंने राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, नेपाल आदि स्थानों के हजारों लोगों में परिवर्तन कर सुखद जीवन का मार्ग प्रशस्त किया। प्रभाकर साहेब ने कहा कि सनातन संस्कृति में यह माह पवित्र और पुण्य कारी माना गया है, इसका श्रेष्ठ लाभ अर्जित करना है तो दो का अवश्य करें एक अधिकाधिक संख्या में वृक्षारोपण एवं और अधिक से अधिक सत्संग भजन करना। कार्यक्रम में संत गुरुबोध ने कहा कि संसार के प्राणी पदार्थों से लोग सब सुख पाना चाहते हैं, लेकिन इनमें सर्व सुख संभव नहीं है, किसी को धन का सुख है, तो तन में पीड़ा है, परिजन का सुख है तो मन में बखेड़ा है। संसार का सुख तो खंड खंड है। लेकिन उसमें सब सुख पाने का एक उपाय है सब को उलट कर बस करो। बस, यानी हर स्थित में संतुष्टि, बस यानि, बाहर की भागदौड़ से रुकना और बस यानी मन इंद्रियों को वश में करना। संत दया साहेब ने कबीर सिद्धांत पर प्रकाश डाला।

इससे पहले, रामचंद्र सुमन, व हरिप्रसाद ने भजन प्रस्तुत किये। अंत में हरिप्रसाद,गजेन्द्र दाधीच, जगदीश चतुर्वेदी, रामनारायण आर्य, सोनिया धाकड़ सहित, श्रद्धालुओं ने संतों की पूजा आरती की तथा प्रसाद वितरण किया गया।

## चौमहला में सुबह से शाम तक ढाई इंच बरसात हुई



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (नि.स.)।** झालावाड़ जिले के चौमहला सहित क्षेत्र में सुबह से शाम तक बरसात हुई जिससे क्षेत्र के नदी नाले उफान पर रहे,चौमहला रावतपुरा के बीच छोटी काली सिंध नदी की रपट पर पानी होने से चौमहला रावतपुरा सुवासरा मार्ग बंद रहा,वही चाचुर्णी नदी की रपट पर पानी होने से गंगधार बडौद मार्ग बंद रहा। चौमहला में सुबह से शाम तक ढाई इंच बरसात हुई।

चौमहला सहित क्षेत्र में रविवार सुबह से बरसात का क्रम शुरू हुआ जो शाम तक जारी रहा इस दौरान कभी झमाझम तो कभी हल्की बरसात हुई तेज बरसात से क्षेत्र के नदी नाले उफान पर रहे,छोटी काली सिंध नदी उफान पर रहने से चौमहला रावतपुरा मार्ग पर बनी रपट पर पानी रहने से चौमहला,रावतपुरा साकरिया सुवासरा मार्ग बंद रहा,वही गंगधार ढाबला मार्ग पर स्थित चाचूर्णी नदी की रपट पर पानी होने से गंगधार ढाबला बडौद मार्ग दोपहर से शाम तक बंद रहा।

## 35वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल कुश्ती प्रतियोगिता का तीसरा दिन


### आज होगा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर में 35वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल कुश्ती प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया जा रहा हैं। रविवार को पुरूष वर्ग के 70 किग्रा, 79 किग्रा तथा 86 किग्रा वर्गभार (फ्रीस्टाइल) में मैचों का आयोजन किया गया। रविवार 04 अगस्त 2024 को रेलवे स्टेडियम में खेले गए मैचों के दौरान वरिष्ठ अधिकारीगण वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त/जबलपुर मो. मुन्नवर खान, मंडल सुरक्षा आयुक्त/कोटा अलाकुंता नवीन कुमार, सहायक सुरक्षा आयुक्त/कोटा चेतन जिचकार, सहायक सुरक्षा आयुक्त/जबलपुर संजीव राणा, सहायक सुरक्षा आयुक्त/जबलपुर बी.पी.कुशवाहा, तथा निरीक्षक एस.पी.सिंह उपस्थित रहे। 70 किग्रावर्ग भार (फ्रीस्टाइल) के मुकाबले पहलवान धर्मेन्द्र (पश्चिम मध्य रेलवे), दीपक (उत्तर रेलवे), मोहित (उत्तर पश्चिम रेलवे), नवीन (उत्तर रेलवे), प्रीतम (रेलवे सुरक्षा विशेष बल), बालकिशन यादव (उत्तर मध्य रेलवे), नवीन (रेलवे सुरक्षा विशेष बल), राजीव गौंड (उत्तर पूर्व रेलवे) तथा विमलेश (उत्तर पूर्व रेलवे) के मध्य खेले गये। जिसमें सेमीफाइनल के प्रथम मैच में नवीन (उत्तर रेलवे) ने मोहित (उत्तर पश्चिम रेलवे) को 10/00 से हराया एवं द्वितीय मैच में नवीन (रेलवे सुरक्षा विशेष बल) ने राजीव गौंड (उत्तर पूर्व रेलवे) को वायफॉल से हराया। फाइनल मैच नवीन (रेलवे सुरक्षा विशेष बल) एवं नवीन (उत्तर रेलवे) के मध्य हुआ जिसमें नवीन (उत्तर रेलवे) ने नवीन (रेलवे सुरक्षा विशेष बल) को 10/00 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। 70 किग्रावर्ग भार (फ्रीस्टाइल) के मुकाबले में नवीन (उत्तर रेलवे) ने प्रथम, नवीन (रेलवे सुरक्षा विशेष बल) ने द्वितीय, प्रीतम (रेलवे सुरक्षा विशेष बल) एवं राजीव गौंड (उत्तर पूर्व रेलवे) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 79 किग्रा वर्गभार (फ्रीस्टाइल) के मैच पहलवान ऋषि (रेलवे सुरक्षा विशेष बल), आशीष (उत्तर रेलवे), राजेश यादव (उत्तर पूर्व रेलवे), रामनाथ यादव (उत्तर पूर्व रेलवे) , श्रीराम यादव (पश्चिम मध्य रेलवे), रविकुमार (उत्तर रेलवे), अरविन्द पारखे (मध्य रेलवे), दीपक (पश्चिम रेलवे) तथा जगमेन्दर (रेलवे सुरक्षा विशेष बल) के मध्य खेले गये। जिसमें जिसमें सेमीफानल के प्रथम मैच में जगमेन्दर (रेलवे सुरक्षा विशेष बल) ने अरविंद पारखे (मध्य रेलवे) को 11/00 से हराया एवं द्वितीय मैच में ऋषि (रेलवे सुरक्षा विशेष बल) ने आशीष (उत्तर रेलवे) को वायफॉल से हराया। फाइनल मैच जगमेन्दर (रेलवे सुरक्षा विशेष बल) एवं ऋषि (रेलवे सुरक्षा विशेष बल) के मध्य हुआ जिसमें जगमेन्दर (रेलवे सुरक्षा विशेष बल) ने ऋषि (रेलवे सुरक्षा विशेष बल) को वायफॉल से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। 79 किग्रावर्ग भार (फ्रीस्टाइल) के मुकाबले में जगमेन्दर (रेलवे सुरक्षा विशेष बल) ने प्रथम, ऋषि (रेलवे सुरक्षा विशेष बल) ने द्वितीय एवं रविकुमार (उत्तर रेलवे) तथा आशीष (उत्तर रेलवे) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## विशिष्ट न्यायाधीश पोक्सो क्रम सं. 1 का विदाई समारोह अभिभाषक परिषद झालावाड़ द्वारा मनाया गया

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़ (नि.स.)।** अभिभाषक परिषद महासचिव देशराज सिंह शक्तावत ने बताया कि विशिष्ट न्यायाधीश पोक्सो क्रम 1 के न्यायाधीश शविनोद कुमार गिरी का स्थानान्तरण हो होने पर अभिभाषक परिषद समिति झालावाड द्वारा विदाई समारोह अभिभाषक परिषद कक्ष में मनाया गया साथ ही नये पदस्थापित न्यायिक अधिकारी मान सिंह चुंडावत न्यायाधीश मोटर यान दुर्घटना दावा अधिकरण , दीपक दुबे न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय , गणेश कुमार जी विशिष्ट न्यायाधीश पोक्सो क्रम 2 , श्रीमति बीना जैन विशिष्ट न्यायाधीश एनडीपीएस का साफा बाँधकर मार्ल्यापण कर स्वागत किया गया । इस मौके पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिया रघुनाथ दान , एडीजे नरेन्द्र कुमार मीणा , एस सी एस टी जज सुनीता मीणा ' सी जेएम गौरव शर्मा, एसीजेम श्रीमति शिल्पी बंसल ' एम जेएम रचना वैष्णव , प्रिसिंपल मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड दिनेश कुमार शर्माअभिभाषक परिषद अध्यक्ष श्याम सुन्दर गुप्ता मंचासीन रहे ।, कार्यकारिणी सदस्य राजेन्द्र सिंह झाला, गॉरव मोमिया , पायल बैरवा, भगवानदास कश्यप , गिरिराज नागर , दिलराज मीणा, श्याम सिंह पंवार, धर्मराज सिंह चौहान, तनवीर आलम और परिषद के सीनियर अधिवक्ता धीरज सिंह झाला, बच्चू लाल, घनश्याम गुर्ज़र,ओम त्रिवेदी आदि अधिवक्तागण मौजूद रहे ।

## भव्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर सामूहिक रुद्राभिषेक अभिषेक किया, निशा चतुर्वेदी बनी महिला क्वीन



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज कोटा के दादाबाड़ी स्थित भवन पर भव्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर सामूहिक रुद्राभिषेक किया गया। हरियाली अमावस के अवसर पर सावन महोत्सव लहरिया क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें समाज के हर वर्ग द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। करीब 51 परिवारों ने रुद्राभिषेक में भाग लिया व पूजा अर्चन किया। उसके उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। महिला मंडल द्वारा लहरिया क्वीन व सावन महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें निशा चतुर्वेदी को महिला क्वीन घोषित किया गया, जिन्हें क्राउन पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय मंत्री दीपक दुबे ने बताया कि कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज कोटा निरंतर धार्मिक आयोजन करता आ रहा है। इस कार्यक्रम में युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष दीपराज दुबे, उपाध्यक्ष देवेन्द्र त्रिपाठी, कार्यक्रम संयोजक अंकित मिश्रा, नीलम मिश्रा, सपना त्रिपाठी, भावना, ऋषिका, संध्या पांडे, विकास अवस्थी एवं अध्यक्ष भुवनेश पांडे एवं महासचिव सत्य प्रकाश पांडे सहित समाज के कई लोग उपस्थित रहे।

## शोभा यात्रा निकाल दिया वृक्षारोपण का संदेश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** एक पेड़ देश के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण की शोभायात्रा निकाल कर वृक्षारोपण को संदेश दिया।

पवन भटनागर ने बताया कोटा महानगर पर्यावरण संयोजक वेद प्रकाश की ओर से वृक्षारोपण की एक शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें 200 पौधों का वितरण हुआ और 101 पौधे रोपे गए। उन्होंने बताया कि यह जागरूकता अभियान देखते ही बनता था।

जब शोभा यात्रा निकली तो उसमे लोगों का करवा जुड़ता गया, लोगों ने इन पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी ली। इस कार्यक्रम में कई संस्थाओं के लोग जुड़े जिन्होंने वृक्षारोपण किया। शोभा यात्रा में पवन भटनागर, वेद प्रकाश, अशोक गढ़वाल, श्याम वेद, रामवीर, उपेंद्र, पुरुषोत्तम व्यास, धनंजय सिंह, कृष्ण अग्रवाल, रामस्वरूप, नवीन, शार्दुल, मुकेश सोनी, रविंद्र कुमार, सचिन सोनी, बड़ी संख्या में महिलाएं व बच्चों सहित कई वृक्षारोपण प्रेमी सम्मिलित हुए।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# बारिश के चलते कई जिलों में स्कूलों में आज की छुट्टी

## 5 जिलों में तेज बरसात, 5 बच्चों की मौत; 20 जिलों में अलर्ट, बांध ओवर फ्लो

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में रविवार को भी बारिश का दौर जारी रहा। झालावाड़, उदयपुर, पाली, माउंट आबू (सिरोही) और भरतपुर में तेज बरसात हुई। माउंट आबू में पिछले 24 घंटे में 50 एमएम बारिश दर्ज की गई। मौसम केंद्र जयपुर ने कोटा संभाग के तीन जिलों कोटा, बारां और झालावाड़ में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया। वहीं, 11 जगह ऑरेंज और 8 जगह येलो अलर्ट जारी किया गया है। जैसलमेर में भारी बारिश की चेतावनी के चलते सोमवार(5 अगस्त) को स्कूलों में छुट्टी घोषित की गई है। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी नैना राम जाणी ने इसके आदेश जारी किए।

राजस्थान में मानसून सीजन में अब तक 21 फीसदी ज्यादा बरसात हो चुकी है। राज्य में आमतौर पर मानसून सीजन में 1 जून से 3 अगस्त तक 231.3एम एम औसत बरसात होती है, जबकि इस सीजन में अब तक 280.6एम एम बरसात हो चुकी है। शनिवार को भी कई जिलों में तेज बारिश हुई। बालोतरा के जसोल थाना क्षेत्र में पानी भर गड्ढे में डूबने से तीन और जयपुर में दो बच्चों की मौत हो गई।

### जयपुर में खदान में भरे बारिश के पानी में दो बच्चे डूबे

जयपुर में रविवार दोपहर पत्थर की खदान में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। 12 फीट गहरी खदान में भरे बरसात के पानी में दोनों बच्चे नहाने के लिए उतरे थे। खदान के पास कपड़े-चप्पल मिलने पर बच्चों के डूबने का पता चला। हरमाड़ा थाना पुलिस ने सिविल डिफेंस टीम की मदद से सर्च ऑपरेशन चलाया। पुलिस ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद शव बाहर निकाले। स.।ह्व (हरमाड़ा) दिलीप खदाव ने बताया- नीदड़ मोड़ के पास स्थित पत्थर खदान में हादसा हुआ है। हरमाड़ा के नोखा गांव निवासी अंश दीप (12) और विद्या (11) की मौत हुई।

### घर से कुछ दूर हुआ हादसा

पुलिस के अनुसार जसोल (बालोतरा) के बुडिवाड़ा गांव में शाम करीब 5 बजे तीन बच्चों की मौत हुई। तीनों बच्चे भट्टाराम (8) पुत्र मुकेश भील, देवाराम (11) पुत्र वोताराम भील,पवनी (5) पुत्री वोताराम भील खेलने के लिए घर से निकले थे। घर से ही करीब 600 मीटर दूर तीन बच्चे गड्ढे में नहाने के लिए उतर गए। इस दौरान तीनों डूब गए। स्थानीय लोगों को बच्चों के बारे में उनके परिवार को जानकारी दी। इसके बाद मौके पर गोताखोरों को भी बुलाया गया, लेकिन तीनों को बचाया नहीं जा सका।

### रेगिस्तानी जिलों में भी जोरदार बारिश

पिछले 24 घंटे की स्थिति देखे तो जैसलमेर, बाड़मेर, सिरोही, जालोर के एरिया में 1 से 3 इंच तक बरसात हुई। जैसलमेर के सम एरिया में 24एम एम बरसात के बाद रेगिस्तान में कुछ जगहों पर पानी का झरना बहता नजर आया। बाड़मेर में 47 एमएम, गुढ़ामालानी में 44, धोरीमन्ना में 39, जालोर के भीनमाल 28, राजसमंद के आमेट में 20, सिरोही के माउंट आबू में 26, पिंडवाड़ा में 20, उदयपुर के झाडोल में 39, बड़गांव में 34, सलूंबर में 31 और अजमेर के अराई में 45 एमएम बरसात दर्ज हुई। इनके अलावा बारां, भीलवाड़ा, भरतपुर, डूंगरपुर, चित्तौड़गढ़, जोधपुर, करौली, नागौर, पाली और प्रतापगढ़ जिलों में भी



### बांध हुए ओवरफ्लो, गेट खोला

सवाई माधोपुर, करौली समेत अन्य जगहों पर पिछले दिनों हुई बारिश के बाद बांधों में अब भी पानी की आवक जारी है। सवाई माधोपुर के चौथ का बरवाड़ा स्थित ढील बांध कल ओवर फ्लो होकर छलकने लगा। करौली के पांचना बांध में लगातार तीसरे दिन भी पानी छोड़ना जा रहा। शनिवार को बांध के 3 गेट से 1200 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। टोंक स्थित मांसी बांध भी कल ओवर फ्लो होकर बहने लगा। प्रशासन ने इस बांध के 5 गेट को कुछ इंच खोलकर यहां से पानी की निकासी शुरू कर दी।




कई स्थानों पर 2 से लेकर 18एमएम तक बरसात हुई।

# शाह बोले- 2029 में एनडीए भी आएगा, मोदी भी आएंगे

## विपक्षी गठबंधन इंडिया खुद को विपक्ष में बैठने के लिए तैयार रखे

बढ़ता राजस्थान



**चंडीगढ़।** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को चंडीगढ़ में कहा कि विपक्षी इंडिया ब्लॉक चाहे कुछ भी कर ले, 2029 लोकसभा चुनाव में एनडीए की ही सरकार बनेगी। नरेंद्र मोदी चौथी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। इंडिया ब्लॉक एक बार फिर से खुद को विपक्ष में बैठने के लिए तैयार रखे। शाह ने कहा कि विपक्ष अस्थिरता पैदा करना चाहता है। उन्हें विपक्ष में रहकर काम करने का तरीका सीखना चाहिए। उन्होंने कहा- विपक्ष के लोग बार-बार कहते हैं कि हमारी सरकार चलने वाली नहीं है। मैं उन्हें आश्वस्त करना चाहता हूं कि सरकार कार्यकाल भी पूरा करेगी और 2029 में भी आएगी। चंडीगढ़ में वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट न्याय सेतु के उद्घाटन और स्मार्ट सिटी मिशन का शुभारंभ करते हुए गृह मंत्री ने कहा- विपक्ष को लगता है कि थोड़ी सफलता से वे चुनाव जीत गए हैं। उन्हें नहीं पता कि तीन चुनावों में कांग्रेस को जितनी सीटें मिलीं, भाजपा को इस चुनाव में उससे ज्यादा सीटें मिली हैं।

# कर्मचारियों तथा पेंशनर्स के लिए बजट घोषणाओं पर धन्यवाद सभा

## कर्मचारियों की राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका- सीएम



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि समाज के सभी वर्गों के उत्थान से ही विकसित राजस्थान का सपना साकार हो सकता है। इसलिए राज्य सरकार ने राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनर्स के हितों को ध्यान में रखते हुए परिवर्तित राज्य बजट 2024-25 में उनके सुझावों को शामिल करते हुए प्रावधान किए हैं। श्री शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनर्स के लिए बजट घोषणाओं पर धन्यवाद सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों और उनके परिवार के हितों के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। कर्मचारी हमारे समाज के गौरव हैं, जो अपने जीवन का अधिकांश समय राज्य की सेवा में समर्पित करते हैं। कर्मचारी अपनी कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण से राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स अपने परिवारों के साथ समाज के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत हैं। पेंशनर्स का अनुभव और ज्ञान राज्य के विकास के लिए अमूल्य संपत्ति है। मुख्यमंत्री ने कहा कि घोषणाएं समय पर पूर्ण होने से ही संबंधित वर्ग को उसका लाभ मिलता है। इसीलिए हमारी सरकार ने कर्मचारी हित में बिना विलंब किए कुछ ही महीनों में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं, जबकि पूर्ववर्ती सरकार ने सिर्फ चुनावों को ध्यान में रखते हुए बिना बजट प्रावधान के लुभावनी घोषणाएं की।

# नीट पेपर लीक, पटना में राजस्थान का एमबीबीएस स्टूडेंट अरेस्ट

**पटना।** नीट यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में सीबीआई ने एक और मेडिकल के छात्र को गिरफ्तार किया है। राजस्थान के भीलवाड़ा स्थित एक मेडिकल कॉलेज के छात्र संदीप कुमार को सीबीआई ने पटना से गिरफ्तार किया। फिर पटना सिविल कोर्ट की एक विशेष अदालत में विशेष न्यायिक दंडाधिकारी कुमारी रिंकू के समक्ष पेश किया। सीबीआई ने यहां सात दिनों की रिमांड मांगी। कोर्ट ने 5 दिनों की रिमांड दी। मामले में सीबीआई अब तक 9 एमबीबीएस छात्रों को गिरफ्तार कर चुकी है। सीबीआई ने संदीप को नोटिस देकर पूछताछ के लिए पटना बुलाया था। पूछताछ में संदीप ने अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। संदीप ने भी अन्य मेडिकल छात्रों के साथ हजारीबाग में 5 मई की परीक्षा से पहले नीट यूजी का प्रश्नपत्र सॉल्व किया था।

# राजस्थान में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर भाई-बहन समेत 4 की मौत

## ऋषिकेश से अंतिम संस्कार कर लौट रहा था परिवार; ट्रक में घुसी कार



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर।** सवाई माधोपुर में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर रविवार सुबह 7 बजे एक कार ट्रक से टकरा गई। हादसे में भाई-बहन समेत 4 लोगों की मौके पर मौत हो गई। 6 लोग घायल हो गए। हादसा सूरवाल थाना क्षेत्र के त्रिलोकपुरा गांव के पास हुआ। ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया। सीओ सिटी हेमेंद्र शर्मा ने बताया- परिवार की एक महिला ऋषिकेश (उत्तराखंड) में भागवत कथा कार्यक्रम में गई थी, जहां उसकी मौत हो गई थी। मौत की सूचना के बाद परिजन ऋषिकेश पहुंचे। परिजन ने शव घर लाने के बजाय उसका अंतिम संस्कार ऋषिकेश में ही किया। अंतिम संस्कार करने के बाद सभी परिजन घर लौट रहे थे। इसी दौरान ड्राइवर को झपकी आ गई। वह कार का बैलेंस खो बैठा और कार पीछे से ट्रक में घुस गई।

### मध्य प्रदेश का रहने वाला है परिवार

हादसे में मोनिका (24) पुत्री कचरूलाल प्रजापत, राजन (22) पुत्र कचरूलाल प्रजापत, रेखा (42) पत्नी ईश्वर लाल प्रजापत और धापू देवी (65) पत्नी हीरालाल प्रजापत की मौत हो गई। मोनिका और राजन भाई-बहन थे। धापू देवी और रेखा मां-बेटी थे। शव जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाए गए हैं। पायल (26) पत्नी कमलेश प्रजापत, कृष्णा (40) पत्नी कचरूलाल प्रजापत, बुलबुल (22) पुत्री कचरूलाल प्रजापत, ज्योति (37) पत्नी अर्जुन प्रजापत, अनिता (1) पुत्री अर्जुन और शकील खान (24) पुत्री नबी खान घायल हुए हैं। अर्टिगा कार में सवार सभी 10 लोग मध्य प्रदेश के विक्रमगढ़ के रहने वाले हैं।

# वायनाड लैंडस्लाइड, तबाह घरों में चोरी हो रही : अब तक 365 मौतें

## 206 लापता; केरल के सीएम बोले- पुनर्वास के लिए टाउनशिप बनाएंगे

बढ़ता राजस्थान



**वायनाड।** केरल के वायनाड में 29 जुलाई की आधी रात भारी बारिश के बाद हुए लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 365 पहुंच गई है। इनमें 30 बच्चे शामिल हैं। हादसे के छठे दिन भी रविवार (4 अगस्त) को सर्च ऑपरेशन जारी है। 206 लोग अब भी लापता हैं। केरल के सीएम पी. विजयन ने शनिवार को कहा- वायनाड लैंडस्लाइड में घर-जमीन खो चुके लोगों के पुनर्वास के लिए सरकार एक टाउनशिप बनाएगी। यहां लैंडस्लाइड प्रभावित इलाके में बचे हुए लोगों को बसाया जाएगा। राहुल गांधी और कर्नाटक सरकार ने भी लैंडस्लाइड पीड़ितों के लिए 100 घर बनाने का ऐलान किया है। इधर लैंडस्लाइड के बाद रिलीफ कैंप में रह रहे लोगों का कहना है कि उनके घरों में चोरियां हो रही हैं।

कुछ लोग रात के समय आकर घरों से कीमती सामान चुरा रहे हैं। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद अब पुलिस चोरों को पकड़ने के लिए पेट्रोलिंग कर रही है। लैंडस्लाइड के छठे दिन रविवार को सुबह 7 बजे से सर्च ऑपरेशन शुरू हो गया है। छह टीमों में शामिल 1264 लोग मुंडक्कई, चुरालमाला और सामलीमट्टम में सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। मुख्यमंत्री विजयन ने शनिवार को कहा था कि रेस्क्यू ऑपरेशन अंतिम चरण में है। मौसम विभाग ने आज केरल के 6 जिलों कासरगोड, कन्नूर, वायनाड, कोझिकोड, इडुक्की और कोट्टायम में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
[M] +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
[M] +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# बांग्लादेश में पीएम हसीना के इस्तीफे की मांग पर हिंसा, 72 लोगो की मौत

## देश में कर्फ्यू; हसीना बोलीं- प्रदर्शनकारी छात्र नहीं, आतंकी हैं

बढ़ता राजस्थान

**ढाका( एजेंसी )।** बांग्लादेश में एक बार फिर से हिंसा का दौर शुरू हो गया है। इस बार हजारों प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग को लेकर सड़क पर उतर आए हैं। रविवार (4 अगस्त) को प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच कई जगहों पर हिंसक झड़प हुई।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक अब तक 72 लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में 14 पुलिस वाले भी शामिल हैं। वहीं अब तक गोली लगने से घायल हुए 40 से अधिक लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सरकार ने हिंसा पर काबू करने के लिए देशभर में कर्फ्यू लगा दिया है। साथ ही अगले 3 दिनों के लिए छुट्टी की घोषणा कर दी गई है। इसके अलावा राजधानी ढाका में दुकानों और बैंकों को बंद करने के आदेश भी दिए गए हैं। पुलिस की तरफ से भीड़ को हटाने के लिए आंसू गैस और स्मोक ग्रेनेड का इस्तेमाल किया गया। हिंसा को काबू करने के लिए सरकार ने इंटरनेट बंद कर दिया है। साथ ही फेसबुक, वॉट्सऐप, इंस्टाग्राम और एक्स जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी रोक लगा दी है।

**पीएम हसीना बोलीं- प्रदर्शन करने वाले छात्र नहीं आतंकवादी हैं**-नेशनल कमेटी ऑन सिक्योरिटी अफेयर्स की बैठक में क्कrू हसीना ने कहा है कि जो देश में प्रदर्शन कर रहे हैं वे छात्र नहीं बल्कि आतंकी हैं। मैं देशवासियों से अपील करती हूं कि वे इन आतंकियों को रोकने के लिए एकजुट हो जाएं। इस बैठक में हसीना के साथ बांग्लादेश की तीनों सेनाओं के चीफ, पुलिस चीफ और टॉप सिक्योरिटी अफसर शामिल हुए थे। शेख हसीना इसी साल जनवरी में लगातार चौथी बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री बनी हैं। हालांकि इस चुनाव का प्रमुख दल विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने बहिष्कार किया था। बीएनपी निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफे की मांग कर रही थी। चुनाव नतीजे आने के बाद देशभर में हिंसा और प्रदर्शन शुरू हो गए थे।



### काम पर जा रहे 2 मजदूरों की गोली लगने से मौत

बांग्लादेश के मुंसीगंज में पुलिस, सत्ताधारी और विपक्षी पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच हुई तीन तरफा झड़प में 2 मजदूरों की मौत हो गई। मुंसीगंज जिला अस्पताल के मुताबिक, मजदूरों की मौत गोली लगने से हुई। घटना पर पुलिस ने सफाई देते हुए कहा कि हमारी तरफ से कोई गोली नहीं चलाई गई। इस झड़प में 30 लोग घायल भी हुए है। सत्ताधारी अवामी लीग के कार्यकर्ताओं और प्रदर्शनकारियों के बीच पूर्वोत्तर जिले पाबना में झड़प हुई। इस झड़प में भी 3 लोगों की मौत हुई है वहीं, 50 से अधिक लोग घायल हुए हैं। प्रदर्शनकारियों ने राजधानी ढाका में बंगबंधु शेख मुजीब मेडिकल कॉलेज पर हमला कर दिया। हमले के दौरान प्रदर्शनकारियों ने अस्पताल के अंदर तोड़फोड़ की।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक ( राज. ) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक ( राज. ) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर ( राज. )
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा )